# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 325 । नर्मदापुरम, रविवार 2 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



हत्या के प्रयास का फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार — पृष्ठ 2

कहानी की कहानी / न जाओ सैंया छुड़ा के बैंया, कसम तुम्हारी मै रो पड़ूंगी — पृष्ठ 4

ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर एक घंटे तक जाम किया राज मार्ग — पृष्ठ 6

सहकारी संघवाद का समर्थन करता है पीएफएमएस : सीतारमण — पृष्ठ 8


50 मजदूरी को बचाया गया

# हिमस्खलन की चपेट में आए 4 मजदूरों की मौत



- 5 मजदूरों की तलाश के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास जारी
- सड़कें अवरुद्ध होने के कारण 6 हेलीकॉप्टर किए तैनात
- धामी ने बचाव कार्यों की समीक्षा की

**चमोली, देशबन्धु।** उत्तराखंड के माणा में आए एवलॉन्च के दूसरे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एक दुखद समाचार मिला कि ग्लेशियर के मलबे से रेस्क्यू किए गए 4 मजदूर की मौत हो चुकी है। अब तक 50 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। 5 लोगों के लिए रेस्क्यू जारी है।

पीआरओ रक्षा देहरादून लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने अपडेट दिया है कि सेना की आइबेक्स ब्रिगेड की बचाव टीम के नेतृत्व में हिमस्खलन बचाव अभियान अभी चल रहा है। सेना के एक्सपर्ट युद्ध स्तर पर सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाए हुए हैं। रेस्क्यू में कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जा रही है। स्थितियां दुरूह हैं, लेकिन रेस्क्यू टीम का होसला बुलंद है। सड़कें अवरुद्ध होने के कारण कुल 6 हेलीकॉप्टरों को लोगों को निकालने के लिए तैनात किया गया है। हेलीकॉप्टरों में भारतीय सेना विमानन के 3 चीता हेलीकॉप्टर, भारतीय वायु सेना के 2 चीता हेलीकॉप्टर और भारतीय सेना द्वारा किराए पर लिया गया एक नागरिक हेलीकॉप्टर शामिल है। अभी तक, रेस्क्यू किए गए 50 में से 27 व्यक्तियों को जोशीमठ पहुंचाया गया। गौरतलब है कि चमोली के माणा में शुक्रवार को आए एवलॉन्च के मलबे में बीआरओ के लिए काम कर रहे 55 श्रमिक दब गए थे। 33 श्रमिकों का रेस्क्यू शुक्रवार को ही कर लिया गया था। 17 श्रमिकों का रेस्क्यू आज शनिवार को किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वयं, रेस्क्यू अभियान की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। शनिवार सुबह उन्होंने घटना स्थल का हवाई सर्वेक्षण किया और ज्योतिर्मठ में राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरभाष पर श्री धामी से पूरी घटना की जानकारी ली और किसी भी तरह के सहयोग का विश्वास दिलाया।

## विशेष बलों ने संयुक्त अभ्यास में जौहर दिखाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तीनों सेनाओं के विशेष बलों ने एकीकरण और युद्ध के समय बेहतर तालमेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जोधपुर में एकीकृत अभ्यास डेजर्ट हंट में अपने रण कौशल और जौहर का प्रदर्शन किया। वायु सेना ने शनिवार को बताया कि 24 से 28 फरवरी तक जोधपुर वायु सेना स्टेशन में हुए डेजर्ट हंट–2025 नामके एकीकृत त्रि–सेवा विशेष बल अभ्यास में सेना के विशिष्ट पैरा (विशेष बल), नौसेना के मरीन कमांडो और वायु सेना के गरुड़ (विशेष बल) ने एक कृत्रिम युद्ध वातावरण में एक साथ भागीदारी की।

मुख्यमंत्री ने बालाघाट में किया ऐलान, कृषक प्रोत्साहन योजना के तहत मिलेगी सौगात

# किसानों को धान पर 4 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मिलेगा अतिरिक्त लाभ



- गेहूँ पर 175 रूपये प्रति क्विंटल मिलेगा बोनस
- 5 वर्षों में 2 लाख 70 हजार युवाओं को मिलेगी नौकरियां
- एक लाख सरकार पदों पर भर्ती जारी

**बालाघाट/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट के किसान सम्मेलन में किसानों को अभूतपूर्व सौगात देते हुए कहा कि अब प्रदेश में धान उत्पादक किसानों को 4 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि गेहूँ उत्पादक किसानों को भी प्रति क्विंटल 175 रूपये अतिरिक्त बोनस राशि दी जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मूल्य संवर्धन योजना (प्राइस सपोर्ट स्कीम) अंतर्गत वर्ष 2024 में 6.69 लाख किसानों द्वारा 12.2 लाख हेक्टेयर रकबे में उत्पादित धान का विक्रय किया गया है। धान उत्पादक किसानों को मुख्यमंत्री कृषक प्रोन्नति योजना में प्रति हेक्टेयर 4000 रूपये का लाभ मिलेगा। इससे प्रदेश के किसानों को 488 करोड़ रूपये का अतिरिक्त लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूँ उत्पादक किसानों को भी समर्थन मूल्य 2425 रूपये के अतिरिक्त 175 रूपये प्रति क्विंटल की बोनस राशि दी जायेगी।

### नक्सलवाद के पैर नहीं जमने देंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में नक्सलवाद के उन्मूलन का कार्य चल रहा है। हम गृह मंत्री श्री शाह के मार्गदर्शन में नक्सलवाद के पैर किसी भी कीमत पर जमने प्रदेश में नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के समूल नाश के लिए कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। यह संभव नहीं हो सकेगा कि नक्सलवादी किसी और प्रदेश से आकर मध्यप्रदेश में रह पाएं। पुलिस प्रशासन को इसके लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### बालाघाट में हॉकी के एस्ट्रो टर्फ का लोकार्पण



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट के खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण सौगात देते हुए हॉकी के एस्ट्रो टर्फ का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर भी पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। पदक प्राप्त करने वाले मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का होना हमें गौरवान्वित करता है। उन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों में मध्यप्रदेश के तीसरे स्थान पर रहने पर हार्दिक प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे प्रदेश के युवा जिस भी क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं, सरकार उन्हें आगे बढ़ने के समुचित अवसर प्रदान करेगी।

गृहमंत्री ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

# मणिपुर में खोले जाएं सभी रास्ते



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के सभी रास्तों पर आठ मार्च से निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने और अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। श्री शाह ने शनिवार को यहां मणिपुर की सुरक्षा स्थिति पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार मणिपुर में चिरस्थायी शांति बहाली के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए हरसंभव सहायता दे रही है।

**नशे के व्यापार में लिप्त पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए**

गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि आठ मार्च से मणिपुर के सभी रास्तों पर जनता की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जाए और रास्ते में अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जबरन उगाही के सभी मामलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखी जाए। श्री शाह ने कहा कि मणिपुर से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर आवाजाही लिए चिह्नित किए गए प्रवेश स्थानों के दोनों तरफ बाड़ लगाने के काम को जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मणिपुर को नशामुक्त बनाने के लिए नशे के व्यापार में लिप्त पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। बैठक में मणिपुर के राज्यपाल, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, सह सेनाध्यक्ष, सेना कमांडर (पूर्वी कमान), सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल और असम राइफल्स के महानिदेशक, सुरक्षा सलाहकार, मणिपुर और गृह मंत्रालय और सेना तथा मणिपुर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## सुकमा में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर

**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के किस्टाराम इलाके में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। मुठभेड़ उस समय हुई जब सुरक्षाबलों को इलाके में नक्सलियों के मौजूद होने की जानकारी मिली। डीआरजी (जिला रिजर्व गार्ड) और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें दो नक्सली मारे गए।

प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार का फैसला

# 15 साल पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल, डीजल



- 31 मार्च के बाद नहीं मिलेगा ईंधन
- पेट्रोल पम्पों पर लगाए जा रहे उपकरण
- दिल्ली का 50 फीसदी से ज्यादा प्रदूषण खुद का

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में सभी पेट्रोल पम्पों पर 15 साल पुराने वाहनों को 31 मार्च के बाद इंधन भरवाने पर रोक रहेगा।

श्री सिरसा ने प्रदूषण नियंत्रण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से आज कहा कि 15 साल पुराने सभी वाहनों को तेल देना बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए पेट्रोल पम्पों पर ऐसे उपकरण लगाए जा रहे हैं जो 15 साल पुराने वाहनों की पहचान कर लेगा। अब तक 80 फीसदी पेट्रोल पम्पों पर ऐसे उपकरण लगाए जा चुके हैं और 31 मार्च तक सभी पम्पों पर ऐसे उपकरण लगा लिए जाएगे। उन्होंने कहा कि राजधानी में 15 साल पुराने वाहनों की पहचान के लिए एक टीम बनाई जाएगी। यह टीम 15 साल पुराने वाहनों को दिल्ली में आने से रोकना के साथ–साथ यहां के पुरानी वाहनों को दिल्ली से बाहर करने का काम करेगी। श्री सिरसा ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए पौधारोपण कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों को जोड़ा जाएगा। छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रमाण पत्र देने पर भी विचार किया जाएगा। दिल्ली के अंदर बड़े होटलों, कार्यस्थलों, निर्माण स्थलों और हवाई अड्डों को प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपाय करने का प्रावधान करना होगा। दिल्ली में बंजर पड़ी भूमि पर पौधारोपण करने का काम किया जाएगा ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके। मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली का 50 फीसदी से ज्यादा प्रदूषण खुद का है। इसलिए पहले हम अपने राज्य में प्रदूषण कम करेंगे, तभी दूसरे राज्यों से इस मुद्दे पर बात करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी अथॉरिटी को निर्देश दिया गया है कि वे इस अभियान में सरकार का पूरा सहयोग करें।

### बिल्डिंग निर्माण के लिए पुलिस से अनुमति जरूरी नहीं

दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने शनिवार को कई बड़े फैसले लिए। इनमें बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन को लेकर भी अहम निर्णय लिया गया। दरअसल, शहरी विकास मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली नगर निगम और अन्य स्थानीय निकायों द्वारा अपने–अपने अधिकार क्षेत्र में निर्माण कार्यों को नियंत्रित किया जाता है। पुलिस से भवन निर्माण की अनुमति लेने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# ट्रंप व जेलेंस्की के बीच हुई तीखी नोक-झोंक

- ट्रंप ने जेलेंस्की को रवैया बदलने की चेतावनी दी
- कहा- लाखों लोगों की जान का जुआ नहीं खेलें



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को आज बहुत कड़े शब्दों में आगाह किया कि वह रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए अपना अहम छोड़ कर रवैया बदलें और लाखों लोगों की जान का जुआ नहीं खेलें। श्री ट्रंप ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति श्री जेलेंस्की का स्वागत किया और उनके साथ रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के मकसद से बातचीत के बाद प्रेस के साथ बातचीत में दो टूक शब्दों में श्री जेलेंस्की को चेतावनी देते हुए रूस से समझौता करने की समझाइश दी। पर इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई और इस बैठक का कोई परिणाम नहीं निकला।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा आज व्हाइट हाउस में हमारी एक बहुत ही सार्थक बैठक हुई। बहुत कुछ सीखने को मिला जो कि इस तरह की घृणा और दबाव में बातचीत के बिना कभी नहीं समझा जा सकता था। यह आश्चर्यजनक है कि भावनाओं के माध्यम से क्या निकलता है, और मैं निश्चित रूप से समझता हूं कि राष्ट्रपति जेलेंस्की शांति के लिए तैयार नहीं हैं यदि अमेरिका शामिल है, क्योंकि उन्हें लगता है कि हमारी भागीदारी उन्हें वार्ता में एक बड़ा लाभ देती है। मैं लाभ नहीं चाहता, मैं शांति चाहता हूं। उन्होंने अपने पोषित ओवल कार्यालय में अमेरिका का अपमान किया है। हालांकि वह शांति के लिए तैयार हो तो वह वापस आ सकते हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा उन्होंने यूक्रेन के हमारे बड़े हिस्सों पर कब्जा कर लिया है। 2014 के दौरान, किसी ने भी उन्हें नहीं रोका। वह बस कब्जा करते रहे। मैंने उनके साथ संघर्ष विराम के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने संघर्ष विराम तोड़ दिया, हमारे लोगों को मार डाला और कैदियों का आदान–प्रदान नहीं किया। आप किस तरह की कूटनीति के बारे में बात कर रहे हैं?

### यूरोपीय नेताओं ने किया जेलेंस्की का बचाव

**ब्रसेल्स, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच झड़प के बाद यूरोपीय नेताओं ने श्री जेलेंस्की और उनके देश के लिए पुरजोर समर्थन दिखाया है। यूरोपीय संसद के अध्यक्ष रॉबर्टा मेट्सोला ने 'एक्स' पर कहा, आपकी गरिमा यूक्रेनी लोगों की बहादुरी का सम्मान करती है। मजबूत बनें, बहादुर बनें, निडर बनें। आप कभी अकेले नहीं हैं। हम न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए आपके साथ काम करना जारी रखेंगे। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने एक्स पर कहा, यूक्रेनियों से ज्यादा कोई भी शांति नहीं चाहता, इसलिए हम स्थायी और न्यायपूर्ण शांति के लिए एक साझा रास्ते पर काम कर रहे हैं। यूक्रेन जर्मनी और यूरोप पर भरोसा कर सकता है।




## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## राज्य शासन ने सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष सहित चार सदस्य मनोनीत किये, शैलेन्द्र अध्यक्ष



नर्मदापुरम, देशबन्धु। राज्य शासन ने नर्मदापुरम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं चार सदस्यों को मनोनीत किया है। नर्मदापुरम के शैलेन्द्र कौरव सीडब्ल्यूसी में अध्यक्ष बनाये गये हैं। बाल कल्याण समिति में अध्यक्ष शैलेन्द्र कौरव के अलावा श्याम सिंह मीना, श्रीमती अनिता जाट, श्रीमती सारिका कटारे, विकास कुमार जैन को सदस्य मनोनीत किया है।

## 11 दिवसीय निशुल्क इंटीग्रेटेड योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ



इटारसी, देशबन्धु। ब्रह्म स्वरूप संत बाबा गेलाराम साहेब के 95 वे जन्मोत्सव के अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति नर्मदा पुरम के तत्वावधान में गोदड़ीवाला धाम मालवीयगंज में 11 दिनी निशुल्क इंटीग्रेटेड योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ हुआ। गोदड़ी वाला धाम के प्रमुख माधव दास चेलानी ने बताया कि भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष एमएल गौर एवं जिले के सभी वरिष्ठ योग शिक्षक शिक्षकों के सानिध्य में 01 मार्च से 11 मार्च 25 तक विशेष योग का शुभारंभ उपस्थित साधक पूज्य सिंधी समाज के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी, पार्षद, दीपक अग्रवाल, अटल राम चैलानी, एमएल गौर, कमलेश गौर के कर कमलों से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में प्रति दिन अलग अलग रोगों के निदान के लिए योग अभ्यास कराया जाएगा। आज आखों के लिए, मस्तिष्क, सिरदर्द, माइग्रेन से के लिए योग शिक्षक कमलेश गौर ने योग कराया एवं आंखों के लिए थैरेपी और एक्युप्रेशर का अभ्यास एमएल गौर ने कराया, साथ में प्रत्येक योग साधक की आंखों में आइ ग्रीट द्दद्धद्ध ड्रॉप डाला गया।

## प्रतिभाशाली तेज गेंदबाजों का चयन 4 मार्च को होल्कर स्टेडियम इंदौर में

नर्मदापुरम, देशबन्धु। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्रतिभाशाली तेज गेंदबाजों के आकलन को दृष्टिगत रखते हुए 4 एवं 5 मार्च को ओपन ट्रायल आयोजित करने जा रही है, जिसमें मध्यप्रदेश के सभी संभाग के तेज गेंदबाज भाग ले सकते हैं। नर्मदापुरम के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि आगामी 4 मार्च को इंदौर के होलकर स्टेडियम में पुरुष वर्ग में ऐसे खिलाड़ी जिनका जन्म 1 सितंबर 2002 या उसके बाद 1 मार्च 2006 के पहले हुआ हो वे सभी प्रतिभागी हिस्सा बन सकते हैं। नर्मदापुरम संभाग के सभी प्रतिभागी 4 मार्च 11 बजे होलकर स्टेडियम इंदौर में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है। इसमें प्रतिभागियों को अपने मूल जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड साथ में लाना होगा। उक्त गतिविधि मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्रतिभागियों को अपने खेल का कौशल दिखाने एवं आगे उच्चस्तरीय खेलने का मौका देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## बच्चों को स्क्रीन टाइम कम करने दी डॉक्टर गुप्ता ने सलाह



इटारसी, देशबन्धु। सरस्वती शिशु मंदिर (इंग्लिश व हिंदी माध्यम स्कूल) आर्यनगर इटारसी शाखा में शिशु वाटिका के विद्यार्थियों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

नगर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ रविन्द्र गुप्ता और उनके अस्पताल की टीम ने क्लास नर्सरी से सैकंड तक के छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान बच्चों के पालकों को बच्चों को स्वस्थ रखने के उपायों से भी परिचित कराया। डॉ गुप्ता ने स्टूडेंट्स और साथ में उपस्थित पालक-अभिभावकों को संबोधित करते हुये बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बच्चों को पौष्टिक भोजन की आवश्यकता, जंक फूड का दुष्परिणाम और स्वस्थ दिनचर्या के महत्व के साथ ही मोबाइल और टीवी पर बच्चों के अधिक समय यानी स्क्रीन टाइम को कम करते हुये फिजिकल एक्टिविटी और खेलकूद में अधिक समय बिताने की सलाह दी।

समिति उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने वात्सल्य अस्पताल एवं सभी पेरेंट्स का आभार व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रिंसीपल प्रताप सिंह राजपूत, एलीमेंट्री सेक्शन प्रभारी शिवकुमारी पटेल, संजना टिकारिया, शिवानी डोंगरे सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# हत्या के प्रयास का फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

सोहागपुर, देशबन्धु। पुलिस ने 24 नवंबर 224 को ग्राम भट्टी के खेत में हुई हत्या के प्रयास मामले का मुख्य आरोपी को उसके गांव भट्टी स्थित निर्माणाधीन मकान से गिरफ्तार कर लिया है। उसकी तलाश के दौरान उसके महाकुंभ में होने की सूचना भी पुलिस को मिली थी। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र तथा एसडीओपी सोहागपुर संजू चौहान के निर्देशन में सोहागपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास का अपराध घटित करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।



विगत 24 नवंबर 24 को फरियादी सदाशिव पिता छोटेलाल ठाकुर उम्र 50 साल निवासी ग्राम बढ़ैयाखेड़ी ने रिपोर्ट किया की थी वह अपने बेटे राजीव और रामजी के साथ भांजे के खेत ग्राम भट्टी में धान काटने गये थे। उसी समय ग्राम भट्टी के नंदू उर्फ चंद्रमोहन, राहुल पुर्विया, शुभम पुर्विया ने अपने अन्य साथियों के साथ आकर जान से मारने की नीयत से रॉड और लठों से उसके और उसके लड़के रामजी और राजीव के साथ मारपीट कर उसकी स्कोर्पियो गाड़ी को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया था। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सोहागपुर में अपराध 691/24 धारा 109,296,115(2),324(4), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान 28 नवंबर 24 को आरोपी नंदू उर्फ चंद्रमोहन पिता मंगल सिंह पुर्विया उम्र 30 साल, शुभम पिता भूरा उर्फ अर्जुन सिंह पुर्विया उम्र 23 साल एवं आरोपी राहुल पिता विशाल सिंह पुर्विया उम्र 24 साल को गिरफ्तार किया गया था। घटना का मुख्य आरोपी विशाल उर्फ चुन्ना पुर्विया घटना दिनांक से ही फरार था। आरोपी के काफी समय से कुंभ मैले में होनी की सूचना प्राप्त हुई थी। आरोपी के गिरफ्तारी के प्रयास पर मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ग्राम भट्टी में आरोपी के निर्माणाधीन मकान की घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया एवं न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायालय के आदेश से जेल भेज दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सोहागपुर कंचन सिंह, उपनिरीक्षक मेघा उदेनिया, आरक्षक दीपेश बौरासी, आरक्षक रोहित गौर, आरक्षक अंकुश कौरव की मुख्य भूमिका रही है।

## पार्षद को सीएमओ पर एफआईआर की धमकी के विरोध में ज्ञापन, नहीं हटाने पर देंगे पार्षद इस्तीफा

### - सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधि पहुंचे तहसील कार्यालय दिया ज्ञापन

सिवनी मालवा, देशबन्धु। नगर पालिका सीएमओ शीतल भलावी के खिलाफ पार्षद, अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि एकजुट हो गए हैं। शनिवार दोपहर को सभी एकत्र होकर तहसील कार्यालय पहुंचे। तहसील कार्यालय गेट से रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए सभी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम सरोज परिहार को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि सीएमओ शीतल भलावी पूर्व में जहां भी पदस्थ रहीं विवादों में रही हैं। जबसे इनकी पदस्थापना नगर पालिका सिवनी मालवा में हुई है, तब से ही रोज नया वाद विवाद किया जा रहा है। वाद-विवाद में एक महिला अधिकारी होने का नाजायज फायदा उठाते हुए झूठी शिकायत एवं दबाव शासन, प्रशासन एवं पुलिस पर बनाया जाता है। नगर पालिका में कर्मचारियों को नोटिस एवं नौकरी से निकालने की कार्यवाही करने तथा उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ना देकर कर्मचारियों को पीड़ित किया जा रहा है, जिसका विवाद कई बार शासन प्रशासन के पास पहुंच चुका है। वहीं शहर के एक वरिष्ठ पत्रकार पर भी झूठा मामला दर्ज कराया था।



**यह है मामला:** वार्ड 09 के पार्षद अपने वार्ड के वार्डवासियों के साथ जनहित में मुद्दे को लेकर नगर पालिका पहुंचे और जनता के कार्य हेतु कर्मचारियों से चर्चा की जा रही थी। नगरपालिका अध्यक्ष के आने का इंतजार किया जा रहा था, इसी बीच सीएमओ शीतल भलावी ने आकर बहस करते हुए अभद्रता की। ईश्वरदास पैर से दिव्यांग पार्षद हैं तथा अपनी आदत अनुसार झूठी शिकायत शासन प्रशासन को की, जो पूर्णत: निदंनीय है। पार्षदों ने बताया की अगर 6 मार्च तक सीएमओ शीतल भलावी को नहीं हटाया जाता है तो सभी पार्षद चरणबद्ध आन्दोलन करेंगे साथ ही सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे।

## होली पर्व पर पश्चिम मध्य रेलवे से चलेगी स्पेशल ट्रेनें

इटारसी, देशबन्धु। रेल प्रशासन द्वारा होली त्योहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे से 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस होली स्पेशल ट्रेनों के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

**इन स्पेशल ट्रेनों की संक्षिप्त जानकारी :** गाड़ी 02186 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 08 एवं 12 मार्च 2025 को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 02185 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 08 एवं 12 मार्च 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी 01704 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 16 मार्च 2025 को रीवा से सायं 18:45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन भोर में 04:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01703 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 17 मार्च 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 06:15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सायं 17:10 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी 01705 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन 11 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 19:40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01706 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 12 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन भोर 03:40 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी 09817 कोटा से दानापुर स्पेशल ट्रेन 08 एवं 15 मार्च 2025 को कोटा से रात 21:05 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सायं 18:30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 09818 दानापुर से कोटा स्पेशल ट्रेन 09 एवं 16 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से रात 21:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात्रि 22:25 बजे कोटा स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी 01663 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 12 एवं 15 मार्च 2025 को रानी कमलापति से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01662 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 13 एवं 16 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 09:50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

## सुबह 7 बजे ड्यूटी पर नहीं पहुंचने वाले सफाई कर्मियों की लगेगी अनुपस्थिति

### - सफाई दरोगा की बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने दिए निर्देश

इटारसी, देशबन्धु। नगरपालिका परिषद इटारसी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के लिए एक्टिव हो गई है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज इसके लिए नगरपालिका सभागार में बैठक आयोजित की। बैठक में सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा, सभापति राकेश जाधव, उपयंत्री मयंक अरोरा सहित व सफाई विभाग के वार्ड दरोगा मौजूद थे।




नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे सफाई कार्य में लापरवाही पर नाराज दिखे। उन्होंने सभी सफाई दरोगाओं से कहा कि सुबह 7 बजे जो भी स्वच्छता दूत ड्यूटी नहीं आ रहे हैं, उनकी अनुपस्थिति डालें और वेतन भी काटने की कार्रवाई की जाए। नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने बैठक में कहा कि शहर के प्रत्येक हिस्से खासकर बाजार क्षेत्र में कचरा सड़कों पर नजर आ रहा है, जिससे परिषद की छवि खराब तो हो ही रही है, साथ ही स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है।

नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने सीएमओ व उपयंत्री मयंक अरोरा से कहा कि वे भी फील्ड पर जाएं और व्यवस्थाएं देखें। सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा ने सभी वार्ड मुकद्दमों से कहा कि अपने हिस्से के वार्डों में सभी स्वच्छता दूतों से साफ तौर पर कहें दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उनकी भूमिका सबसे ज्यादा है, उनके ही कार्यों से रैंकिंग में सुधार होगा। इसके अलावा सीएमओ ने कहा कि अपने अपने क्षेत्र में खाली प्लाट पर निगरानी रखें और वहां कचरा न फेंकने दें।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा महिलाओं और संस्थाओं का सम्मान

### महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से मुस्कराईये इंडिया फाउंडेशन और मुस्कान संस्था का आयोजन

इटारसी, देशबन्धु। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, महिला बाल विकास द्वारा मुस्कान संस्था सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 8 मार्च 2025 को मुस्कान संस्था में होगा, जिसमें महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहीं महिलाओं एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में उन महिलाओं और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। साथ ही अच्छे कार्यों में निरंतर सेवा दे रहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता का सम्मान, स्व सहायता समूह का सम्मान होगा। इसी के साथ अन्य गतिविधियों में महिलाओं के सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के लिए रोचक कार्यक्रम एवं इंटरैक्टिव सेशंस, आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला उद्यमियों के लिए नि:शुल्क स्टॉल्स, छोटे स्तर पर कार्य कर रहीं महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए नि:शुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए जाएंगे। इन स्टाल्स में केवल हाथ से बने उत्पादों की बिक्री की अनुमति होगी। स्टॉल नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। शक्ति सदन (महिला स्वाधार गृह) या बालिका गृहों में रह रहीं महिलाओं के हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित किये जायेंगे। गौरतलब है कि मुस्कान परिवार विगत कई वर्षों से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है। वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। मंगल दिवस के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ नन्हे मुन्ने बच्चों का जन्मदिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा निर्मित पोषण थाली प्रतियोगिता का आयोजन 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

## विश्व हिन्दू परिषद करेगा कर्मकांडी ब्राह्मणों का सम्मान

इटारसी, देशबन्धु। विश्व हिन्दू परिषद 2 मार्च, रविवार को दोपहर 3 बजे से श्री अनुमाधान मंदिर परिसर में कर्मकांडी ब्राह्मणों का सम्मान करेगा। संगठन की बैठक में यह निर्णय लिया। बैठक श्री हनुमानधाम मंदिर परिसर में आयोजित की गई थी।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखण्ड इटारसी की ओवरब्रिज के नीचे हनुमानधाम मंदिर परिसर में हुई बैठक में मठ-मंदिर अर्चक, पुरोहित, कर्मकांडी ब्राह्मणों के 02 मार्च, रविवार को दोपहर 3 बजे सम्मान समारोह की रूपरेखा बनी। इस बैठक में सभी के मध्य कार्य विभाजित किए। संगठन का मानना है कि कर्मकांडी ब्राह्मण सभी जाति वर्ग के यजमानों के घर परिवार में जाकर सनातन हिंदू धर्म के ग्रंथों का प्रचार प्रसार कर कथा-अनुष्ठान करते हैं और घरों घर पताका लहराते हैं।



संगठन ने सभी कर्मकांडी ब्राह्मणों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अनूप तिवारी, नगर उपाध्यक्ष अनुरुद्ध चंसौरिया, नगर मंत्री यश शर्मा, नगर सह मंत्री इंदर मेहरा, नगर गौरक्षा प्रमुख त्रिवेंद्र चंदेले, मुन्नू भाई, बजरंग दल नगर सह संयोजक अंकित राठौर, अजय सिंह भदौरिया, सूरज ठाकुर, अमन रैकवार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 25 गौवंश सहित आरोपी गिरफ्तार

भैंसदेही, देशबन्धु। सावलमेढा ब्लॉक के ग्राम घुघरी और उदामा के बीच लगातार दूसरे दिन जंगलो से पैदल अवैध तस्करी कर मारते-पीटते लहूलुहान स्थिति में महाराष्ट्र कत्लखाने ले जाते हुए हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा 25 मवेशी पकड़े है।इस दौरान एक व्यक्ति को भी पकड़कर पुलिस को सौंपा गया। सावलमेंढा के हिन्दू संगठन कार्यकर्ता शानू बौरासी, राजा धोटे, चमन सगमनेरकर, भय्यू लोखंडे, अजय जादू उईके, आदि द्वारा बताया गया कि ग्राम घुघरी से होकर उदामा होते हुए जंगली रास्तो से पैदल गौवंश तस्करी लगातार जारी है जिस पर आज भी लगभग 10 किमी अंदर जंगली रास्ते से महाराष्ट्र कत्लखाने ले जाते 25 मवेशियो और ग्राम उदामा निवासी एक वयक्ति को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया है अन्य लोग भागने में सफल हो गए। सूचना पर पहुची भैंसदेही पुलिस द्वारा मवेशियों को जब्त कर पूर्णा गौशाला भिजवाया गया। इस दौरान एएसआई रामप्रकाश कीर, प्रधानआरक्षक पंजाब परते, आरक्षक मनोज इवने, सोनू सिंह आदि मौजुद रहे।



## जिले के 44 परीक्षा केंद्रों पर हुआ 10वीं का एनएसक्यूएफ का प्रश्न पत्र

बैतूल, देशबन्धु। हाई स्कूल कक्षा 10वीं का एनएसक्यूएफ विषय संबंधी प्रश्न पत्र जिले में 44 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि एनएसक्यूएफ अंतर्गत आईटी ट्रेड के प्रश्न पत्र में 1039 परीक्षार्थियों में से 1031 उपस्थित रहे, 08 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित थे। इसके अलावा सिक्योरिटी ट्रेड में 65 दर्ज में से 65 विद्यार्थी शामिल हुए। रिटेल ट्रेड में 62 में से 62 छात्र सम्मिलित, बैंकिंग ट्रेड में 43 में से 43 सम्मिलित और फिजिकल एजुकेशन ट्रेड में 33 में से 33 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसी तरह ब्यूटी एंड वैलनेस ट्रेड में 620 में से 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित 603 उपस्थित रहे, अपेरल ट्रेड में 03 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, 247 परीक्षा में सम्मिलित हुए। एग्रीकल्चर ट्रेड में 244 में से 240 उपस्थित एवं 04 अनुपस्थित रहे। प्लंबिंग ट्रेड में 58 में से 02 अनुपस्थित एवं 56 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इन सभी ट्रेड में कुल मिलाकर 2414 परीक्षार्थी को सम्मिलित होना था, जिसमें से 34 विद्यार्थियों के अनुपस्थित रहने से 2380 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिला एवं विकासखंड स्तर के विभिन्न उड़न दस्तों द्वारा इस दौरान 16 केंद्रों औचक निरीक्षण किया गया। नकल संबंधी कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

**कक्षा दसवीं के अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र 3 मार्च को:** 03 मार्च 2025 को हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा कक्षा 10वीं अंतर्गत अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र होना है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संपूर्ण परीक्षा पर निगरानी रखे जाने की दृष्टि से मोबाइल एप विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से विभिन्न स्तरों से रिपोर्टिंग एवं निगरानी की कार्यवाही संपादित की जा रही है। परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को परीक्षा समय का विशेष ध्यान रखे जाने की हिदायत दी गई है। नकल की प्रवृत्ति पर रोक लगाने की दृष्टि से परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रात: 8 बजे पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया है, यह निर्देश उनके प्रवेश पत्र पर भी अंकित है। केंद्र पर तलाशी, अनुक्रमांक अनुसार कक्ष आवंटन संबंधी कार्य इत्यादि के बाद 8:30 बजे परीक्षार्थी को कक्ष में प्रवेश दिया जाना होता है। अभिभावकों एवं परीक्षार्थियों से निर्देशों का कड़ाई से पालन किए जाने की अपेक्षा की गई है।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### विद्यालयों में परीक्षा परिणाम सुधार के लिए विशेष कक्षाएं एवं रेमेडियल सत्र किये जायेंगे आयोजित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएँ जारी हैं। परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा विशेष कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। यह निर्णय चमक अभियान के अंतर्गत लिया गया है, जिसमें शिक्षकों ने परीक्षा अवकाश के दौरान भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने का संकल्प लिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन विद्यालयों में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी जिन्हें 5-7 अंकों की सहायता से उत्तीर्ण किया जा सकता है, उनके लिए अंग्रेजी, विज्ञान, गणित तथा कक्षा 12वीं के भौतिकी, रसायन, गणित एवं जीव विज्ञान जैसे कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विषय विशेषज्ञों द्वारा पूर्व में भेजे गए संभावित प्रश्नों के आधार पर तैयारी कराई जा रही है, ताकि छात्रों का प्रदर्शन सुधरे और जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर हो। इसके अलावा, क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों से भी अपेक्षा की गई है कि वे अध्ययन सामग्री सभी शैक्षणिक समूहों में साझा करें और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सहायता प्रदान करें। गणित विषय की विशेष तैयारी हेतु हाई स्कूल स्तर पर बाबूलाल चौरे, विषय विशेषज्ञ द्वारा 14 वीडियो लिंक साझा किए जाएंगे, जिनमें परीक्षा उपयोगी प्रश्नों का अभ्यास कराया जाएगा।विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों से यह अनुरोध किया गया है कि वे इस पहल को सफल बनाने में अपना योगदान दें और विद्यार्थियों को अधिकतम सहायता प्रदान करें, ताकि परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।

### अर्पण ने किया नाम रोशन



**हरदा,** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश गोदारा नीमगाँव (हरदा) के पुत्र अर्पण गोदारा ने इंजीनियरिंग करते हुए कैट 2024 एग्जाम दिल्ली में दिया ।जिसमें 98.73 पर्सेंटाइल बनाकर आई.आई.एम.कॉलेज के लिये क्वालीफ़ाई कर नाम रोशन किया है । उन्हें केरल.अमृतसर ,काशीपुर.इंदौर कॉलेजो से इंटरव्यू कॉल मेसेज आए हैं। इस उपलब्धि पर परिवारजनों सहित इष्टमित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण 3 मार्च को

**हरदा देशबन्धु।** जिला स्तरीय इंसिडेंट रेस्पोंस टीम एवं टास्कफोर्स सदस्यों के लिये एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार 3 मार्च को आयोजित किया गया है। होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक जैन ने बताया कि यह प्रशिक्षण छीपानेर रोड़ हरदा स्थित होटल हवेली के सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित होगा। श्री जैन ने बताया कि यह प्रशिक्षण जिला स्तरीय इंसिडेंट रिस्पोंस टीम की संरचना एवं अपेक्षित दायित्वों के संबंध में आयोजित किया गया है। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री जैन ने सभी अधिकारियों से प्रशिक्षण में निर्धारित समय से पूर्व उपस्थित होने के लिये अनुरोध किया है।

### साक्य धमदिन्ना अय्या का आमला आगमन आज

**आमला, देशबन्धु ।** स्थानीय बौद्ध धर्म अनुयायियों का आस्था का केन्द्र करुणा बुद्ध विहार में आज 5.30 बजे धम्म देशना हेतु साक्य धम्मदिन्ना अय्या का आगमन होने जा रहा है ।सभी बौद्ध उपासक उपासिकाओं प्रबुद्ध जनों एवं युवा साथियों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धम्म लाभ लेकर पुण्य पारमिता को बढ़ाये ।धम्म का प्रचार प्रसार एवं सभी जगह समता बंधुत्ता भाईचारा बना रहे क्रोध हिंसा से परे रहकर अपने जीवन को सुखी निरोगी बनाने एवं बुद्ध के पावन संदेशों को दुरस्थ अंचलों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह पूज्य अध्या का नगर आगमन अपने आप में एक स्मरणीय क्षण होगा जो चिरकाल याद रहेगा ।

### पेंशनर हित रक्षक संघ की बैठक आज

**बैतूल, देशबन्धु।** विद्युत कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए आज 2 मार्च को पेंशनर हित रक्षक संघ की बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक सुबह 11 बजे मप्र विद्युत मंडल लिंक रोड टिकारी के परिसर में होगी, जिसमें सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी अपनी समस्याओं को नोट करवा सकेंगे। पेंशनर हित रक्षक संघ के अध्यक्ष रेवाराम वराठे ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं को लेकर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।

### किसानों के हक की लड़ाई नहीं रुकेगीः सोनी

**बैतूल।** आम आदमी पार्टी ने अमानक मक्का बीज घोटाले के खिलाफ किसानों के हक में बड़ा आंदोलन छेड़ दिया है। प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी ने बताया कि आठनेर ब्लॉक में किसानों को जो मक्का बीज वितरित किया गया था, उसकी कोई लिखित प्रमाणिकता नहीं थी। जब बीज अंकुरित नहीं हुए तो किसानों ने इसकी शिकायत शासन-प्रशासन से की। आनन-फानन में 24 जून की जिला पंचायत बैठक में बीज सप्लायर फर्म पर एफआईआर दर्ज कराई गई। अजय सोनी ने बताया कि 14 जून को कृषि विभाग के जिला उप संचालक द्वारा डिमांड ऑर्डर जारी किया गया था। 23 जुलाई को नर्मदापुरम प्रयोगशाला की रिपोर्ट में बीज को अमानक पाया गया, जिसके बाद कुछ किसानों के नाम से आठनेर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। इस मामले में निष्पक्ष जांच और किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए आम आदमी पार्टी ने 29 जुलाई को आठनेर तहसीलदार कीर्ति डेहरिया को ज्ञापन सौंपा था। बावजूद इसके प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ता गया।

# दो दिवसीय विज्ञान मेले का हुआ आयोजन





**हरदा,देशबन्धु।** शासकीय स्नातक महा.टिमरनी में विज्ञान दिवस के अवसर पर दो दिवसीय विज्ञान मेला का समापन्न हुआ । इस दौरान दिनांक 28 फरवरी को रंगोली, प्रश्नोत्तरी तथा निबंध प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया तथा 1 मार्च को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।साथ ही विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास हेतु विशेषज्ञ व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। समस्त विज्ञान मेले को एमपीसीएसटी (म.प्र. विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद) एवं इको क्लब द्वारा प्रायोजित किया गया था। दो दिवसीय मेले की अध्यक्षता डॉ जे.के. जैन ने की। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र हरदा से डॉ. संध्या मुरे सीनियर साइटिस्ट, डॉ. अतुल गौर सहायक प्राध्यापक भौतिकी शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा एवं श्री आनंद वर्मा सहायक प्राध्यापक माइक्रोबायोलॉजी ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिये। कार्यक्रम का शुभारंभ मा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ, सर्वप्रथम रिबन काट कर विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया विद्यार्थियों में कीर्ति राजपूत ने मक्के की रोटी, चने की भाजी, माधुरी, रेणुका, साहिल ने ज्वार की घुघरी, कुटकी की खिचड़ी, रागी की रोटी, रागी का हलुआ, ढोकले जैसे स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर प्रस्तुत किए तथा विज्ञान प्रदर्शनी में विज्ञान के विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए गए ।जिनका मूल्यांकन विशेषज्ञ कमेटी ने किया। छात्रा के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा अन्य कार्यक्रमों में वैज्ञानिक संवाद आदि की मनोरम प्रस्तुति की गई। इसी श्रृंखला में विषय विशेषज्ञो द्वारा कृषि विज्ञान की नई उपलब्धियां एवं नवाचार को प्रकाशित किया गया। डॉ. मुरे ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या के दौर में हम किस प्रकार भरण पोषण कर सकते हैं एवं उन्नत किस्म की फसलों, उनके ट्रांसजेनिक निर्माण आदि के संबंध में जानकारी दी। डॉ. गौर ने क्वांटम फिजिक्स एवं नवाचार के बारे में विद्यार्थियों को रोचक बातें बताई तथा बताया कि जादू नहीं विज्ञान होता है। आनंद वर्मा ने जीव विज्ञान की विभिन्न शाखाओ पर्यावरण बायोरेमेडीएशन सूक्ष्मजीव विज्ञान के बढ़ते हुए क्षेत्र एवं उनका मानव कल्याण की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम के अंत में विभिन्न स्पर्धा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया ।इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी डॉ. सादिया पटेल ने महाविद्यालय के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरभि चौरे ने कियाएवं आभार डॉ. सुनील बौरासी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र जमरा डॉ. संजीत सोनी, डॉ. संजय पटवा, डॉ. सुनित काशिव, डॉ. दीपक मालाकार, डॉ. पंकज खैरनार, अभिषेक नागपुरे, डॉ. अभिषेक अग्रवाल, डॉ. ज्योति काशिव, श्रीमती शीला खले, डॉ. मनीषा राजपूत, नीता गौर, डॉ दुर्गेश नंदिनी अग्रवाल, डॉ. बेबी चावला, ललिता नागर, सुश्री मीनाक्षी यादव डॉ. श्रीकांत गंगवार, कांता प्रसाद नागरे, कुंदन कैथवास,राकेश भिलाला एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने धारा 163 के तहत किए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला प्रशासन ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री डी.के. सिंह द्वारा जारी इस आदेश में असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखने, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जिले की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन यदि सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपना चाहता है, तो उसे पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र में आयोजक तथा अधिकतम पाँच व्यक्तियों के नाम, पता एवं मोबाइल नंबर का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। साथ ही, ज्ञापन सौंपने की तिथि एवं समय भी स्पष्ट रूप से दर्ज करना अनिवार्य है। अनुमति प्राप्त अधिकतम पाँच व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी भी अन्य व्यक्ति का कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही, बिना पूर्व सूचना के कोई भी सभा, जुलूस, रैली या प्रदर्शन आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति या संगठन सक्षम अधिकारी (अनुविभागीय दंडाधिकारी) की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस या वाहन रैली का आयोजन नहीं कर सकेगा।

कलेक्टर कार्यालय परिसर में किसी भी प्रकार के घातक हथियार, लाठी-डंडा, पत्थर, बारूद, पटाखे, पेट्रोल अथवा अन्य ज्वलनशील पदार्थ लाने पर पूर्णत: रोक रहेगी। कलेक्टर कार्यालय परिसर में व्यावसायिक वाहनों (भारी वाहनों) के प्रवेश पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1)(3) के तहत जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, संस्था या समूह पर संहिता की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह प्रतिबंध शासकीय आयोजनों, शासकीय सेवकों के कर्तव्यों के निर्वहन, पुलिस बल के सदस्यों तथा मजिस्ट्रेटों पर लागू नहीं होगा। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री डी.के. सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस आदेश की सूचना आम जनता तक पहुँचाने के लिए इसे जिला कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं पुलिस थानों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाए।

**श्रवण बाधितों की होगी जॉच एवं परीक्षण**- नर्मदापुरम, देशबन्धु। राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 03 मार्च 2025 को विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर संस्था में प्रात: 09.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक विश्व श्रवण दिवस मनाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि मानव संसाधन के माध्यम से संस्था में आने वाले प्रत्येक श्रवण बाधित हितग्राहियों का जांच एवं उपचार किया जाएगा, बहरेपन और सुनने की क्षमता में कमी की समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं कान और श्रवण सम्बंधित देखभाल को बढ़ावा देने के लिए प्रति वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है।

### संजीवनी देने वाली नदी अब खुद बीमार



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल की जीवनदायिनी मां माचना, जिसने न जाने कितनी पीढ़ियों को अपने आंचल में पाला, आज खुद बदहाली के आंसू बहा रही है। कभी हजारों गांवों और किसानों की खुशहाली की गवाह रही यह नदी अब गंदगी, पन्नियों और प्रदूषण से कराह रही है। पानी देने वाली इस मां के प्रति समाज ने अपना दायित्व भुला दिया, लेकिन कुछ जागरूक नागरिकों ने इसे बचाने की मुहिम छेड़ रखी है।

चार साल पहले बैतूल के पर्यावरण प्रेमियों ने 75 कदम 75 दिन स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी, जो आज भी जारी है। इस मुहिम के प्रणेता हेमंत चंद्र दुबे (बबलू) के नेतृत्व में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोगों को जागरूक किया जा रहा है। हर सप्ताह साथी जुटते हैं, सफाई करते हैं, नदी के तट को स्वच्छ बनाते हैं, लेकिन जब तक प्रशासन, समाजसेवी और आम नागरिक खुलकर आगे नहीं आएंगे, तब तक मां माचना को संपूर्ण रूप से पुनर्जीवित करना मुश्किल होगा।

बैतूल के नागरिक संवेदनशील हैं, बस उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। अगर जिले के कलमकार, प्रशासनिक अधिकारी और समाजसेवी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, तो मां माचना को बचाया जा सकता है। जब यह नदी स्वच्छ होगी, तब लोगों को शुद्ध जल और साफ पर्यावरण का उपहार मिलेगा। अब इंतजार करने का समय नहीं, बल्कि संकल्प लेने और जमीनी स्तर पर काम करने का वक्त है। मां माचना का आशीर्वाद सभी पर बना रहे, इसके लिए सभी को इस मुहिम में शामिल होना होगा।

### न्यूनतम वेतन की बढ़ी हुई दरों के आदेश जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** कर्मचारियों के हक में सीटू की लम्बी लड़ाई के बाद आखिरकार न्यूनतम वेतन की बढ़ी हुई दरों के आदेश जारी कर दिए गए हैं। कानूनी रूप से प्रत्येक 5 वर्ष में किए जाने वाले न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण को 9 वर्ष बाद करने के बाद पिछले 10 माह से प्रदेश की भाजपा सरकार व उद्योगपतियों, मालिकों ने इसे कानूनी दांव पेंच में उलझा रखा था। आखिरकार गत 3 दिसम्बर को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने स्थगन समाप्त करने और 10 फरवरी को अंतिम सुनवाई के बाद 21 फरवरी को उच्च न्यायालय के आदेश के बाद आखिरकार आज श्रमायुक्त कार्यालय ने भुगतान संबंधी आदेश जारी कर दिए। आदेश में वर्तमान में बनाए गए 3 नए नियोजन के अलावा बाकी सभी अधिसूचित 68 नियोजनों में 4 मार्च 2024 की अधिसूचना के पुन: प्रभावशील किए जाने का जिक्र है। सीटू के राज्य महासचिव प्रमोद प्रधान व राज्य अध्यक्ष रामविलास गोस्वामी ने इसे सीटू के नेतृत्व में संघर्ष व प्रदेश के मजदूरों की एकजुटता की जीत बताते हुए प्रदेश के लाखों श्रमिकों, आऊट सोर्सिंग तथा सरकारी विभागों व स्थानीय निकायों में कार्यरत लाखों कर्मियों को बधाई दी है। सीटू नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार अभी भी मालिकों के हित साध रहा है, इसलिए इस आदेश में भी एरियर सहित भुगतान के स्पष्ट निर्देश नहीं है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक एक-एक श्रमिक का 16250 रुपए से 24340 रुपए तक का नुकसान हुआ है। इसे भी डकारने की कोशिश चल रही है। सीटू ने श्रमायुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि अप्रैल 2024 से ही नहीं बल्कि नवम्बर 2019, जब से यह पुनरीक्षण देय था, से आज तक के एरियर भुगतान किए जाने का आदेश निकाला जाए। साथ ही सीटू ने मांग की है कि अक्टूबर 2024 से देय हो चुके नए न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण की प्रक्रिया भी तत्काल प्रारंभ की जाए।

# लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में रन बरसे

## सेंट्रल रेलवे नागपुर की धमाकेदार जीत, नर्मदा क्लब जबलपुर को 212 रनों से हराया



**बैतूल, देशबन्धु।** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में जारी अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राजीव कप के तीसरे दिन सेंट्रल रेलवे नागपुर ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। पुल-1 के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नागपुर ने नर्मदा क्लब जबलपुर को 212 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत पकड़ बना ली। सेंट्रल रेलवे नागपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 8 विकेट खोकर 331 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। नागपुर के सलामी बल्लेबाज वरुण विष्ट ने महज 74 गेंदों पर 15 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 115 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। उनके अलावा तेजस सोनी ने 21 गेंदों में ताबड़तोड़ 43 रन जोड़े। जबलपुर की टीम के गेंदबाजों को नागपुर के आक्रामक बल्लेबाजों के सामने संघर्ष करना पड़ा।

**23.2 ओवर में सिर्फ 119 रन बनाकर ऑलआउट हुई जबलपुर की टीम** - 331 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नर्मदा क्लब जबलपुर की टीम दबाव में बिखर गई और 23.2 ओवर में सिर्फ 119 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नागपुर की ओर से तेजस सोनी ने घातक गेंदबाजी करते हुए महज 25 रन देकर 5 विकेट झटके और विरोधी टीम की कमर तोड़ दी। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**शानदार कमेंट्री ने मैच में भरा रोमांच** - आयोजन समिति के राजकुमार दीवान ने बताया कि स्कोरिंग की जिम्मेदारी हर्षित पंडागरे और दीपक रघुवंशी ने निभाई, जबकि कमेंट्री बॉक्स में अतुल शर्मा, विक्की पवार और अभिजीत राठौर की शानदार कमेंट्री ने मैच में रोमांच भर दिया।

**ये रहे मुख्य अतिथि** - इस मुकाबले के दौरान कई गणमान्य अतिथि राष्ट्रीय जनादेश के संपादक मयूर भार्गव, हुंडई के मैनेजर जाबांज कुरैशी, सचिन शर्मा (टाटा मोटर्स), प्रशांत सिंह बैस (टोयोटा), अमित साबले (नेक्सा), अमित वामनकर (एमजे मोटर्स), पियूष मिश्रा (किआ) और समाजसेवी आनंद चौधरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अब टूर्नामेंट में अगला मुकाबला आज 2 मार्च को सुबह 10 बजे एसवीएटी पुणे और भोपाल की टीम के बीच खेला जाएगा।

# कलेक्टर की तत्परता से किसानों के खाते में पहुंचे 29 करोड़

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के किसानों को आखिरकार उनकी मेहनत की कमाई मिल गई। 26 फरवरी को बैतूल जिले के सहकारिता कर्मचारी महासंघ ने किसानों की धान उपार्जन राशि न मिलने को लेकर कलेक्टर, फूड सीसीबी और उप पंजीयक को ज्ञापन सौंपा था। किसानों की इस पीड़ा पर बैतूल कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान लिया और उपार्जन समिति के उच्च अधिकारियों तथा एनसीसीएफ को निर्देशित किया, जिसके बाद किसानों के खातों में 29 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की गई। राशि मिलने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली और बैतूल कलेक्टर का आभार जताया। किसानों में खुशी की लहर है। लंबे समय से भुगतान के इंतजार में बैठे किसानों को जब उनके बैंक खातों में राशि पहुंची, तो उनकी आंखों में सुकून और चेहरे पर मुस्कान नजर आई।



**यह था पूरा मामला** - धान उपार्जन के तहत किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर नहीं मिल पा रहा था। इस देरी के कारण किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसे लेकर 26 फरवरी को बैतूल जिले के सहकारिता कर्मचारी महासंघ ने एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें जल्द से जल्द किसानों को भुगतान कराने की मांग की गई।

ज्ञापन मिलने के बाद बैतूल कलेक्टर ने इस मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रशासन की सख्ती के बाद एनसीसीएफ ने किसानों के खाते में भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी और 29 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी गई। किसानों का कहना है कि अगर प्रशासन इसी तरह सक्रिय रहे, तो भविष्य में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# ताप्ती घाट के साइड सोल्डर पर शुरू हुआ सुधार कार्य

### ताप्ती घाट चौड़ीकरण पर विधायक खंडेलवाल ने मंत्री से की थी चर्चा



**आठनेर।** बैतूल-आठनेर रोड का ताप्ती घाट इन दिनों लगातार दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है। घाट पर सड़क के दोनों किनारों के साइड सोल्डर में गड्ढे पड़ने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क किनारे गड्ढों की वजह से वाहन चालक साइड नहीं ले पा रहे थे, जिससे कई बार हादसे होते रहे। इस समस्या को लेकर आठनेर के भाजपा नेता लंबे समय से घाट कटिंग की मांग कर रहे थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने हाल ही में आठनेर दौरे के दौरान ताप्ती घाट की वास्तविक स्थिति को देखा और तुरंत विभागीय अधिकारियों को बुलाकर सड़क किनारे गड्ढों को भरने के निर्देश दिए। उन्होंने तत्काल प्रभाव से साइड सोल्डर पर मुरम डलवाने का आदेश दिया ताकि वाहन चालकों को राहत मिल सके। विधायक के सख्त रुख के बाद विभाग ने शनिवार से ताप्ती घाट पर साइड सोल्डर डालने का काम शुरू कर दिया, जिससे अब वहां से गुजरने वाले वाहनों को काफी सहूलियत मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक, विधायक हेमंत खंडेलवाल ने ताप्ती घाट के चौड़ीकरण को लेकर विभागीय मंत्री से भी चर्चा की है। उन्होंने घाट पर हो रही दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए चौड़ीकरण कार्य को जल्द शुरू करने की मांग की है। यदि घाट चौड़ा हो जाता है, तो हादसों में काफी हद तक कमी आ सकती है।


# आरोप: डायल 100 के पुलिसकर्मी ने शिकायतकर्ता से की अभद्रता

### बनियान फाड़ी, थाने में रिपोर्ट लिखने से किया इनकार

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल में पुलिस की दबंगई का शर्मनाक मामला सामने आया है। एक बुजुर्ग मां के साथ हुई मारपीट की शिकायत करने गए फरियादी बेटे पवन मालवी के साथ ही पुलिसकर्मी ने बदसलूकी कर दी। डायल 100 के पुलिसकर्मी ने उनकी बनियान फाड़ दी, उन्हें धक्का देकर मारने की धमकी भी दी। फरियादी न्याय की आस में थाने से लेकर अधिकारियों तक चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस न्याय मंच, भारत के संस्थापक एवं अध्यक्ष पवन मालवी ने आरोप लगाया कि उनकी 85 वर्षीय मां के साथ मारपीट के मामले में उन्होंने पुलिस से मदद मांगी थी, लेकिन उल्टा उनके साथ ही दुर्व्यवहार हो गया।

1 मार्च 2025 की सुबह 8-23 बजे उन्होंने डायल 100 को कॉल कर पुलिस सहायता मांगी थी। पुलिस की एक टीम वाहन नंबर एमपी 04 टीए 5895 से उनके घर पहुंची। पवन मालवी के अनुसार, जब उन्होंने पुलिसकर्मी से अनुरोध किया कि वह उनकी मां से खुद पूरी जानकारी ले, तो पुलिसकर्मी ने कहा कि यह उसका काम नहीं है और उन्हें थाने जाना होगा। जब पवन मालवी ने इसका लिखित प्रमाण मांगा और कहा कि पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो पुलिसकर्मी बदसलूकी पर उतर आया।





आरोप है कि वर्दीधारी पुलिसकर्मी ने पवन मालवी को धक्का दिया, उनकी बनियान पकड़कर खींची और उसे फाड़ दिया। इतना ही नहीं, उसने 100 डायल की गाड़ी से होस पाइप निकालकर मारने की कोशिश भी की। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी पवन मालवी ने बना लिया है।

**रिपोर्ट दर्ज कराने गए तो थाने में भी टरकाया** - पवन मालवी इस मामले की शिकायत लेकर एडीशनल एसपी से मिलने पहुंचे, लेकिन उन्होंने उन्हें गंज थाना जाने को कहा। जब वे गंज थाना पहुंचे, तो थाना प्रभारी ने रिपोर्ट दर्ज करने की बजाय आवेदन देने को कहा। पवन मालवी ने थाना प्रभारी से कहा कि वे अपनी रिपोर्ट लिखवाना चाहते हैं, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि आवेदन दे दीजिए, कार्रवाई कर लेंगे। इसके बाद पवन मालवी ने अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) को फोन पर घटना की जानकारी दी और पूरे मामले की शिकायत मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकराना, जिला कलेक्टर बैतूल और पुलिस अधीक्षक बैतूल को भेजी है।

**जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते** - पवन मालवी का आरोप है कि पुलिस थानों में शिकायत करने के बावजूद मामलों को दर्ज नहीं किया जाता और फरियादियों को वर्दी का डर दिखाकर भगा दिया जाता है। आए दिन इस तरह की घटनाओं की खबरें समाचार पत्रों में भी प्रकाशित होती रहती हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते। उनका कहना है कि खुद उनकी भी कई शिकायतें पुलिस और अन्य विभागों में लंबित हैं, लेकिन अब तक किसी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे आम जनता के बीच प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर गहरा असंतोष है।

# साहित्य

कहानी

# कहानी की कहानी



■ डॉ अमित रंजन

वह एक शानदार पार्टी थी। मिस्टर हेमचंद्र बरुआ की कहानी को एक प्रतिष्ठित संस्था द्वारा वर्ष की सर्वश्रेष्ठ कहानी घोषित किया गया था। इसके साथ ही उन्हें एक लाख रुपये की इनामी राशि भी मिली थी।

राशि महत्वपूर्ण थी, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण थी वह संस्था, जिसने यह पुरस्कार दिया था। साहित्य जगत में उसकी खासी प्रतिष्ठा थी, और वहाँ से पुरस्कृत होने का अर्थ था—साहित्यकार के रूप में एक लंबी छलांग।

इसलिए जब मिस्टर बरुआ को यह पुरस्कार मिला, तो उन्होंने अपने करीबी लोगों के लिए एक शानदार पार्टी दी। पार्टी होटल के एक बैंक्वेट हॉल में चल रही थी।

इसी बीच, मिस्टर बरुआ वॉशरूम गए। जैसे ही उन्होंने चेहरे पर पानी डाला, पीछे से एक भारी आवाज़ आई—

'कम से कम अब तो मेरी डायरी लौटा दो!'

मिस्टर बरुआ चौंक गए। पीछे मुड़कर देखा—एक अधेड़ व्यक्ति खड़ा था। उसकी कनपटी के बाल सफेद हो चुके थे, शरीर भारी था, सिर के आगे के बाल उड़ चुके थे। उसने कोट पहना था, जिसके बटन खुले थे और शर्ट के अंदर से उसका निकला हुआ पेट झांक रहा था।

'अब तो मेरी डायरी लौटा दो!' वह व्यक्ति फिर बोला।

'कौन सी डायरी? कैसी डायरी? किसकी बात कर रहे हैं आप?'

इससे पहले कि वह व्यक्ति कुछ कहता, मिस्टर बरुआ तेजी से वॉशरूम से निकल गए।

---

मिस्टर हेमचंद्र बरुआ एक कंपनी के बड़े अधिकारी थे। कंपनी की एक शाखा बिहार में भी थी, और वहीं एक मीटिंग में भाग लेने के लिए उन्हें जाना था।

बिहार जाने के नाम से उनके परिवार वाले ऐसे चिंतित हो गए मानो वे किसी युद्धग्रस्त देश रवांडा या बुरुंडी जा रहे हों।

'हमारे यहाँ जैसे कपड़े बालकनी में टंगे होते हैं, वैसा ही बिहार में पिस्टल टंगे होते हैं!'

'आई ना हमरे बिहार में, कट्टा मार देंगे सीधे कपार में!'

ऐसे मिथकों ने बिहार की छवि जहरीली कर दी थी। इस डर ने मिस्टर बरुआ को भी जकड़ लिया था। वे हरसंभव प्रयास कर चुके थे कि बिहार न जाना पड़े, लेकिन अंततः नाकाम रहे और उन्हें गया की फ्लाइट पकड़नी पड़ी।

जब वे गया एयरपोर्ट पर उतरे, तब ठंडी सर्दी की शाम थी। चारों ओर कोहरा था। एयरपोर्ट से निकलते निकलते शाम बूढ़ी होकर गुजर गई और रात्रि का यौवन ढलक आया था । रात में यात्रा करना असुरक्षित समझकर उन्होंने एयरपोर्ट के पास के ही एक होटल में कमरा बुक कर लिया।

होटल ठीक-ठाक था। खाना खाकर जब वे सामान जमाने लगे, तो लॉकर में एक डायरी पड़ी मिली। इंटरनेट न चलने के कारण समय बिताने के लिए उन्होंने डायरी पढ़नी शुरू कर दी।

डायरी किसी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर की प्रतीत हो रही थी। इसमें विश्वविद्यालय की घटनाओं को विविध शीर्षकों में लिखा गया था—

कथनी बनाम करनी

शिक्षक संघ की बैठक अपने चरम पर थी। सचिव महोदय गरज-गरज कर भाषण दे रहे थे—

'यह बायोमेट्रिक अटेंडेंस शिक्षकों की गरिमा पर आघात है! सरकार हमें नौकरशाह समझने लगी है! यह हमला हमारे स्वाभिमान पर है!'

तालियों की गड़गड़ाहट से हॉल गूंज उठा। मैं भी वहाँ बैठा था, सोच रहा था कि शायद कोई शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं पर भी बात करेगा। महाविद्यालय में महिला शिक्षकों के लिए शौचालय तक नहीं थे, जिससे उन्हें भारी असुविधा होती थी। वत्स जी की तीन दिन की सैलरी बिना किसी कारण काट ली गई थी। लेकिन इन मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं हुई।

घड़ी पर नज़र पड़ी— 1:30 बजे की ट्रेन का समय हो गया था। सचिव महोदय ने अपनी गरिमामयी बातें समेटीं, माइक एक हाथ में पकड़ा और दूसरे हाथ से अपनी घड़ी देखी।

'संघ की लड़ाई जारी रहेगी!'—इतना कहकर वे तेजी से दरवाजे की ओर बढ़ गए। मैं मुस्कुराया। ये वही महोदय थे जो छपरा से पटना अप-डाउन करते थे और बायोमेट्रिक अटेंडेंस का सबसे अधिक विरोध कर रहे थे। अगर यह लागू हो जाता तो वे '12 बजे लेट नहीं और 2 बजे भेंट नहीं' को कैसे सार्थक कर पाते ।

---

कॉपी घोटाला - वीसी साहब की साजिश

परीक्षा सिर पर थी और विश्वविद्यालय ने ऐन मौके पर घोषणा कर दी—

'कॉपियाँ उपलब्ध नहीं हैं।'

हर साल परीक्षा से पहले ही कॉपियाँ खरीद ली जाती थीं, लेकिन इस बार वीसी साहब ने टेंडर ही नहीं जारी किया। परीक्षा के दो दिन पहले अचानक एक प्राइवेट सप्लायर से 10 रुपये की कॉपी 30 रुपये में खरीदी गई। बाद में पता चला कि वह टेंडर वीसी साहब के साले को दिया गया था।

छात्रों को कॉपियों की सख्त जरूरत थी, इसलिए किसी ने सवाल नहीं उठाया। कुछेक ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने सीधा जवाब दिया—

'अगले साल से व्यवस्था सुधार दी जाएगी।'

लेकिन हम सब समझ गए थे कि यह भ्रष्टाचार की एक सुनियोजित चाल थी।

---

संस्कृत मैडम - कर्महीनता का आदर्श उदाहरण

संस्कृत विभाग की मैडम विश्वविद्यालय में होने वाले हर कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रों के उच्चारण से करती थीं। जब तक वे मंच पर होतीं, उनकी आवाज़ में संस्कृत का ओज होता। लेकिन इसके अलावा उनका विश्वविद्यालय में कोई योगदान नहीं था।

'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः!'—इतना बोलने के बाद वे अपने मोबाइल में फेसबुक खोलकर बैठ जातीं।

संस्कृत का नामांकन नगण्य था, तो पढ़ाने की जिम्मेदारी भी शून्य थी। जब भी कोई छात्र उनके पास आता, वे कहतीं—

'संस्कृत आत्मसात करने की चीज़ है, इसे पढ़ाया नहीं जाता।'

सुबह 12 बजे आतीं और दोपहर 2 बजे तक किसी न किसी बहाने से निकल जातीं। कभी कहतीं—

'आज शरीर में पीड़ा हो रही है।'

तो कभी—

'घर पर हवन करना है।'

उनकी कर्महीनता देखकर अन्य शिक्षक भी यही सीखने लगे थे कि अगर काम नहीं करना तो बस संस्कृति और परंपरा की बातें करो, सवाल कोई नहीं करेगा।

---

ईमानदारी की सजा और भ्रष्टाचार का इनाम

प्रोफेसर सुमन बाबू ने विश्वविद्यालय में एक प्रतियोगिता आयोजित की थी। इसके लिए उन्होंने अपने पैसे खर्च किए और बाद में बिल पास कराने गए। बड़ा बाबू ने उन्हें पहले ही दिन समझा दिया—

'सर, बिना तेल के मशीन नहीं चलती!'

सुमन बाबू ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया। अगले तीन महीने तक उन्होंने फ़ाइलों के चक्कर लगाए, लेकिन हर बार कोई न कोई नई अड़चन आ जाती। आखिरकार थक-हारकर उन्होंने पैसे छोड़ दिए, लेकिन भ्रष्टाचार के आगे झुकने से इनकार कर दिया।

बिल आज भी विश्वविद्यालय की किसी धूल खाती अलमारी में पड़ा होगा।

---

नैतिकता का ठेकेदार और घिनौनी हकीकत

प्रोफेसर मनीष, जो धार्मिकता के प्रतीक बने घूमते थे, नैतिकता और धर्म पर बड़े-बड़े प्रवचन देते थे। सिर पर चोटी, माथे पर लंबा टीका, मंगलवार को व्रत रखने वाले मनीष सर के बारे में कॉलेज की बच्चियों की शिकायत थी कि 'सर आशीर्वाद देने के बहाने पीठ सहलाते हैं।'

एक दिन परीक्षा के दौरान, जब वह एक छात्रा से बार-बार बात करने पहुँचे, तो अचानक लड़की चीख उठी—

'सर ने छेड़खानी की है!'

वह लड़की दबंग जाति की थी। देखते ही देखते 20-25 लोग लाठी-डंडे लेकर कॉलेज पहुँच गए। माहौल गरम हो गया। लेकिन हमारे शिक्षक संघ के सचिव महोदय उस समय पटना जाने वाली ट्रेन में बैठे थे, इसलिए बच निकले। मनीष सर को जबरन बुलाया गया और उन्होंने हाथ जोड़कर माफी मांगी। कुछ लोगों ने उनकी उम्र देखकर उन्हें माफ कर दिया, लेकिन हम सभी शिक्षकों के लिए वह दिन शर्म से सिर झुका लेने का था।

---

शिक्षा या मज़ाक?

एक छात्र नकल करते पकड़ा गया। मोबाइल में सभी उत्तर लिखे थे। पूछने पर रो पड़ा— 'माँ का फोन आ रहा था, सर!' मुझे तरस आया, पर जब मोबाइल की जांच की तो साफ था कि यह गूगल से कॉपी किया गया था। मैंने उसे परीक्षा से निष्कासित कर दिया।

कुछ देर बाद महाविद्यालय के ही एक कर्मचारी का फोन आया—

'सर, लड़का रिश्तेदार है, बड़ी मजबूरी में नकल कर रहा था।'

मैं जानता था कि यह रिश्ता 1000 रुपये का था। फिर भी मैंने चुपचाप नई कॉपी दिलवा दी।

कुछ साल बाद मुझे विश्वविद्यालय में एक काम पड़ा। अध्ययन केंद्र का कन्वीनर बनाया गया था, लेकिन मुझे लगा कि मेरा उपयोग केवल राजनीतिक खेल के लिए हो रहा है, तो मैंने इस्तीफा दे दिया।

जब मैं विश्वविद्यालय पहुँचा, तो वही कर्मचारी मिले जिनके कहने पर मैंने नकल करने वाले छात्र को दोबारा परीक्षा देने दी थी।

'सर, प्रक्रिया का पालन करना होगा!' उन्होंने रूखी आवाज में कहा।

'मैंने तो तुम्हारे कहने पर नियम तोड़ा था!' मैंने झुंझलाकर जवाब दिया।

वे मुस्कुराए— 'सर, नियम तो तब ही टूटते हैं जब फायदा हमारा हो।'

मैंने कोई जवाब नहीं दिया। यह एक कटु सत्य था।

---

कैंटीन का सच

कॉलेज की कैंटीन का टेंडर हर साल नया निकलता था, लेकिन इस बार किसी और को मौका ही नहीं मिला। जो पुराना ठेकेदार था, वही फिर से ठेकेदार बन गया। कारण? उसने रजिस्ट्रार साहब के खास आदमी को मोटी रकम दी थी।

खाने की हालत यह थी कि भिखारी भी देखकर मुँह मोड़ ले। खाने में पत्थर, रोटी में कंकड़, दाल में पानी और चावल में मिट्टी। लेकिन किसी ने शिकायत नहीं की, क्योंकि जिसे करनी थी, उसने पहले ही अपनी जेब गरम कर ली थी।

डायरी पढ़ते-पढ़ते कब अर्धरात्रि हो गई पता ही नहीं चला। डायरी के विवरण से प्रथम दृष्टि ऐसा लग सकता था कि वह किसी आत्ममुग्ध व्यक्ति की दास्तान है जिसे प्रत्येक व्यवस्था, प्रत्येक व्यक्ति में खोट ही नजर आता है परंतु लेखक द्वारा डायरी के अंत में लिखे गए निष्कर्ष ने उसे ऐसा होने से बचा लिया। डायरी के लेखक ने आगे लिखा था-

कई साल बाद जब मैं विश्वविद्यालय के सभागार में पुनः बैठा था, तो लगा कि सारा जीवन नैतिकता और भ्रष्टाचार के बीच झूलता रहा।

मैंने हमेशा खुद को ईमानदार समझा था। पर क्या मैं सचमुच था?

मैंने नियम तोड़े थे, समझौते किए थे, चुप रहकर अनैतिकता को बढ़ावा दिया था। मैं बाकी प्रोफेसरों की तरह ढोंगी नहीं था, पर क्या मैं उनसे अलग था? शायद नहीं।

शिक्षक संघ की अगली बैठक चल रही थी। कोई नया सचिव वही पुराने वादे दोहरा रहा था। मैंने गहरी साँस ली और धीरे-धीरे से बाहर निकल आया।

मुझे समझ में आ गया था कि यहाँ कोई भी बदलाव संभव नहीं—क्योंकि बदलाव वे चाहते ही नहीं थे, जिन्हें बदलाव से सबसे अधिक नुकसान होता।

---

'श्रीमान, कम से कम मेरी डायरी तो लौटा दो!'

होटल की पार्किंग में जब बरुआ अपनी कार के पास गए, तो वही आवाज़ फिर से गूंजी।

वे मुड़े—सामने वही अधेड़ व्यक्ति खड़ा था, जिससे वे वॉशरूम में टकरा चुके थे।

'आपने मेरी डायरी में लिखी घटनाओं को हू-ब-हू रखकर कहानी लिखी। इस कहानी ने आपको ख्याति प्रदान की। लेकिन न आपने मुझे श्रेय दिया, न ही जिक्र किया कि आपको यह विचार कहाँ से मिला।'

'आपने लंबी-लंबी बातें कीं कि इस कहानी के लिए आपने बिहार के विश्वविद्यालयों का गहन अध्ययन किया, साक्षात्कार लिए। पर सच तो यह है कि आप मेरी डायरी उठा लाए थे।'

'और अब मेरी बेटी की शादी है, डायरी में खर्च और अग्रिम भुगतान के सारे नोट्स लिखे हैं।'


मिस्टर बरुआ ने चुपचाप कार का गेट खोला, एक कंपार्टमेंट से डायरी निकाली और उस व्यक्ति की ओर बढ़ा दी।

लघु कथा

## बेशर्म

■ डॉ. पूरन सिंह

हम दो ही पैदा हुए थे, अम्मा के. अम्मा अब नहीं है. चली गयी भगवान के पास, दूरज बहुत दूर. पिता मां के न रहने पर बिखरते जा रहे हैं.



वसीयत कर दी है पिता ने- मेरे और बड़े भैया के नाम. हम दोनों को बराबर दिया है. हम दोनों ने अपने-अपने हिस्से सहेजकर रख लिये हैं.

पिता अब बहुत ज़्यादा बीमार हैं. इलाज चल रहा है पिछले पंद्रह दिनों से. मेरे पास ही रहते हैं. आज बड़े भैया आये हैं गांव से उन्हें देखने. आज ही डॉक्टर के पास ले जाना है. मैं डाक्टर की पर्ची ढूंढ़ रहा हूं. मिल नहीं रही है.

'कहां रख दी थी जो नहीं मिल रही.'

'पता नहीं भैया, रखी तो संभाल कर थी. कहीं ऐसा तो नहीं, कूड़े के साथ बुहार दी हो.'

'फिर संभालकर रखना कहां हुआ?' भैया ने अपनी लाल-लाल आंखें दिखायी. 'अच्छा बताओ वसीयत कहां रखी है?'

'भैया, वह तो बैंक में रखी है, लॉकर में, सुरक्षित.' मैं बेशर्मों की तरह खिलखिला पड़ता हूं.

(नवनीत से साभार)

# न जाओ सैंया छुड़ा के बैंया, कसम तुम्हारी मै रो पड़ूँगी



■ अजय चंद्रवंशी

गीत की प्रभाविकता में फ़िल्म के हालात का भी महत्त्व होता है, क्योंकि गीत हालात को ध्यान में रखकर ही लिखें जाते हैं। यद्यपि 'कालजयी' गीत उससे मुक्त होकर जनमानस में उस भाव का प्रतिनिधि सा हो जाया करते हैं । कितने ही ऐसे गीत हैं जो अनायास जनता की किसी भाव के अहसास का हिस्सा हो गए हैं।

'साहिब बीबी और गुलाम'[1962]का गीत न 'जाओ सैंया छुड़ा के बैंया' अपनी कहन की सादगी जो कि शकील बदायूनी रचित है , हेमंत कुमार के संगीत और गीता दत्त की भाव विभोर कर देने वाली गायकी के कारण अत्यंत प्रभावशाली बन पड़ा है।

गीत कुछ भजन / कीर्तन की शैली में है। भाषा का प्रयोग अद्भुत है। गीत का मुखड़ा तथा दूसरा और तीसरा बंद लोक भाषा की शैली में है मगर पहले बंद में 'बिखरी जुल्फें' भी है जो उर्दू शाइरी की शैली है। फिर भी गीत के प्रवाह में कोई असहजता नहीं महसूस होता।

पूरे गीत में पत्नी का समर्पण भाव है।पति लम्पट सामंत है, तवायफों के कोठे में रात बसर होती है। पत्नी दाम्पत्य सुख से वंचित है। पति को शराब में डूबी स्त्री पसंद है सो वह भी करती है, मगर सामंती लम्पटता कहां जाने वाली थी? एक समय के बाद पति फिर बाहर जाने को निकल रहा है। पत्नी उसे रोक रही है।सब जतन कर चुकी है फिर भी पहले अपने सौंदर्य से रिझाने का प्रयास करती है,फिर अपने सुहाग का दुहाई देती है,विनती करती है, मगर तमाम प्रयास असफल रह जाते हैं।

आप ऐसा सोच सकते हैं स्त्री ऐसे पुरुष को ठोकर मार कर मुक्त क्यों नहीं हो जाती,तो यह उस दौर, उस समाज की सीमा है और एक हद तक उस स्त्री की भी सीमा है।

हेमंत कुमार का संगीत मधुर है। गीत के अनुरूप हल्का रिदम जिसमें तबले की थाप और सितार का समायोजन अच्छा लगता है और संगीत गीत पर हावी नहीं होता।

मीना कुमारी की अदाकारी बेमिसाल है। मादकता,नशे में डूबी आँखें और जिस्म,छेड़छाड़,गर्व,समर्पण फिर हताशा,बेबसी के भाव उभरते जाते हैं।

गीता दत्त की आवाज़ का जादू मीनाकुमारी की अदाकारी में घुल गई है।जो काम मीना जी अदाकारी से करती हैं,वहीं गीता जी आवाज़ से करती है। कमाल की तड़प है इस आवाज में!हर बंद के आख़िर में शब्दों को बलाघात से दोहराव असरकारक है। मीना कुमारी और गीता दत्त दोनों के जीवन की त्रासदी मानो इस गीत में उतर गई है।

'न जाओ सैंया छुड़ा के बैंया
क़सम तुम्हरी मैं रो पड़ूँगी, रो पड़ूँगी
मचल रहा है सुहाग मेरा
जो तुम न हो तो, मैं क्या करूँगी, क्या करूँगी

ये बिखरी जुल्फ़ें ये घुलता कजरा
ये महकी चुनरी, ये मन की मदिरा
ये सब तुम्हारे लिये है प्रीतम
मैं आज तुम को न जाने दूँगी, जाने न दूँगी

मैं तुम्हरी दासी जनम की प्यासी
तुम्ही हो मेरा श्रृंगार प्रीतम
तुम्हारी रस्ते की धूल ले कर
मैं माँग अपनी सदा भरूँगी, सदा भरूँगी

जो मुझ से अखियाँ चुरा रहे हो
तो मेरी इतनी अरज भी सुन लो
पिया ये मेरी अरज भी सुन लो
तुम्हारी क़दमों में आ गयी हूँ
यहीं जियूँगी यहीं मरूँगी, यहीं मरूँगी'



# फागुन की खुशियाँ मनाएँ

चलो, फागुन की खुशियाँ मनाएँ!
आज पीले हैं सरसों के खेत, लो;
आज किरनें हैं कंचन समेत, लो;
आज कोयल बहन हो गई बावली
उसकी कुहू में अपनी लड़ी गीत की-
हम मिलाएँ।
और कुहू करें गुनगुनाएँ...
चलो, फागुन की खुशियाँ मनाएँ!
आज अपनी तरह फूल हँसकर जगे,
आज आमों में भौरों के गुच्छे लगे,
आज भौरों के दल हो गए बावले
उनकी गुनगुन में अपनी लड़ी गीत की
हम मिलाएँ!
चलो, फागुन की खुशियाँ मनाएँ!
आज नाची किरन, आज डोली हवा,
आज फूलों के कानों में बोली हवा,
उसका संदेश फूलों से पूछें, चलो
और कुहू करें गुनगुनाएँ!

■ भवानीप्रसाद मिश्र

## दो ग़ज़लें

■ राही मासूम रज़ा

लोग यक-रंगी-ए-वहशत से भी उकताए हैं
हम बयाबाँ से यही एक ख़बर लाए हैं

प्यास बुनियाद है जीने की बुझा लें कैसे
हम ने ये ख़्वाब न देखे हैं न दिखलाए हैं

हम थके-हारे हैं ऐ अज़्म-ए-सफ़र हम को सँभाल
कहीं साया जो नज़र आया है घबराए हैं

ज़िंदगी ढूँढ ले तू भी किसी दीवाने को
उस के गेसू तो मिरे प्यार ने सुलझाए हैं

याद जिस चीज़ को कहते हैं वो परछाईं है
और साए भी किसी शख़्स के हाथ आए हैं

हाँ उन्हीं लोगों से दुनिया में शिकायत है हमें
हाँ वही लोग जो अक्सर हमें याद आए हैं

इस बयाबान-ए-दर-ओ-बाम में क्या रक्खा है
हम ही दीवाने हैं सहरा से चले आए हैं

--------

हम क्या जानें क़िस्सा क्या है हम ठहरे दीवाने लोग
उस बस्ती के बाज़ारों में रोज़ कहें अफ़्साने लोग

यादों से बचना मुश्किल है उन को कैसे समझाएँ
हिज्र के इस सहरा तक हम को आते हैं समझाने लोग

कौन ये जाने दीवाने पर कैसी सख़्त गुज़रती है
आपस में कुछ कह कर हँसते हैं जाने पहचाने लोग

फिर सहरा से डर लगता है फिर शहरों की याद आई
फिर शायद आने वाले हैं ज़ंजीरें पहनाने लोग

हम तो दिल की वीरानी भी दिखलाते शरमाते हैं
हम को दिखलाने आते हैं ज़ेहनों के वीराने लोग

उस महफ़िल में प्यास की इज़्ज़त करने वाला होगा कौन
जिस महफ़िल में तोड़ रहे हों आँखों से पैमाने लोग

# खेल जगत

## न्यूज़ीलैंड के खिलाफ सीरीज में पाकिस्तान टीम में बड़े बदलाव की उम्मीद



**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के बुरी तरह हारने के बाद, पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज राशिद लतीफ ने संकेत दिया कि उनकी टीम 16 मार्च से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम में नए चेहरे शामिल करेगी। आठ टीमों के टूर्नामेंट में एक भी मैच जीतने में विफल रहने वाली और जल्दी बाहर होने वाली पाकिस्तान की टीम न्यूजीलैंड में पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेलने के लिए जाएगी। वरिष्ठ खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जांच के बाद, लतीफ ने एक्स को उन खिलाड़ियों की सूची साझा की, जिन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए विचाराधीन रखा गया है। अनुभवी खिलाड़ी के अनुसार, हसन नवाज, अली रजा, अब्दुल समद, आकिफ जावेद और मुहम्मद नफे आगामी सीरीज के लिए विचाराधीन सूची में हैं।

# भारत की नजर आईसीसी टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत की हैट्रिक पर

- न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की उम्मीदें विराट, शुभमन व शमी पर
- भारत को न्यूजीलैंड के यंग, लैथम, मिचेल, रवींद्र व ब्रेसवेल से चौकस रहने की जरूरत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 1 मार्च (देशबन्धु)। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें मौजूदा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के लिहाज से दो सबसे संतुलित और फाइनल में स्थान पाने की सबसे मजबूत क्रिकेट टीमें हैं । दोनों ही टीमों के पास आठवें नंबर तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी में पास रफ्तार के साथ धार और स्पिन का जाल बुन उसमें बल्लेबाजों को उलझा कर बांधने वाली स्पिन त्रिमूर्ति है। ऐसे में बेशक भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को दुबई के दुबई इंटनैशनल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप ए के आखिरी मैच में नतीजा चाहे जो हो लेकिन फाइनल से पहले बेहद रोमांचक संघर्ष देखने को मिलने की उम्मीद है।

दोनों ही टीमें जीत की लय को बरकरार रख अपने अपने सेमीफाइनल में उतरने को बेताब होंगी। भारत और न्यूजीलैंड, दोनों ने ही अपने ग्रुप ए में पाकिस्तान और बांग्लादेश से अपने अपने मैच आसानी और बड़े अंतर से जीते हैं। भारत के लिए अच्छी खबर है कि पाकिस्तान के खिलाफ जांघ की मांसपेशी में आए हल्के खिंचाव से उसके कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी में परेशानी से उबर चुके हैं। साथ ही भारत के उपकप्तान शुभमन गिल भी अब एकदम फिट हैं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने जिस तरह शुक्रवार रात नेटस पर एक घंटे बल्लेबाजी की उससे उनके फिट होने को लेकर सभी शंकाएं दूर हो गई है। केएल राहुल ने भी शुक्रवार संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि जहां तक उनकी जानकारी है कि टीम में किसी भी साथी खिलाड़ी की फिटनेस को लेकर किसी तरह की कोई चिंता या परेशानी नहीं है। केएल राहुल का यह कहना कि भारत के रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप ए के आखिरी मैच और मंगलवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में एक दिन का अंतर और ऐसे में भारत के अपनी शुरू के दोनों ग्रुप मैच जीतने वाली एकादश के साथ ही रविवार को उतरने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के खिलाफ खासतौर पर भारत की उम्मीदें उसके खिलाफ खासे कामयाब रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल व विराट कोहली और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर रहेंगी। भारत को न्यूजीलैंड के लिए मौजूदा संस्करण विल यंग, टॉम लैथम और रचिन रवींद्र व 2023 के वन डे विश्व कप के लीग और सेमीफाइनल में शतक जड़ने वाले डैरल मिचेल व उससे पहले सीरीज में तूफानी शतक जड़ने वाले माइकल ब्रेसवेल से चौकस रहने की जरूरत होगी। भारत के अपने शुरू के दो मैचों की एकादश के साथ उतरने की उम्मीद की स्थिति में रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी के रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने में उनकी फिटनेस को लेकर कोई दिक्कत अब दिखाई नहीं देती। ऐसे में एक बार फिर ऋषभ पंत और बाएं हाथ के बाएं हाथ के तेज अर्शदीप सिंह तो हैं ही मिस्ट्री स्पिनर के रूप में वरुण चक्रवर्ती को एक बार फिर बाहर बैठना पड़ेगा।

## भारतीय टीम में हर कोई फिट, बदलाव की उम्मीद कम : राहुल

**दुबई।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल का कहना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ होने जा रहे चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के लिए मोहम्मद शमी और रोहित शर्मा दोनों ही उपलब्ध होंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी मुश्किल में दिखे थे और उन्होंने अपना कोटा पूरा नहीं किया था। रोहित को भी हैमस्ट्रिंग में समस्या महसूस हुई थी। हालांकि भारतीय टीम एक हफ्ते के लंबे ब्रेक के बाद मैदान पर उतरने वाली है। राहुल ने कहा कि मुझे इस बारे में अधिक जानकारी नहीं है, लेकिन इतना पता है कि हर कोई ठीक है। मुझे जहां तक पता है किसी के भी मैच मिस करने की चिंता नहीं है। शायद आज की ट्रेनिंग के बाद हमें अधिक जानकारी मिलेगी। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। इस मैच के दो दिन बाद यानि 4 मार्च को भारत को अपना सेमीफाइनल मैच खेलना है। लगातार पड़ रहे मैचों के बीच क्या भारतीय टीम किसी खिलाड़ी को आराम देने वाली है? तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, स्पिनर वरूण चक्रवर्ती और वॉशिंगटन सुंदर अभी तक एक भी मैच नहीं खेले हैं। क्या आखिरी लीग मैच में उन्हें उतारा जा सकता है? यह पूछने पर राहुल ने कहा कि मैं नेतृत्व समूह का हिस्सा नहीं हूं, लेकिन मुझे यकीन है कि इसका लालच तो होगा।

# भारत सेमीफाइनल के लिए गेंदबाजों को तरोताजा रखने को लेकर सतर्क : दोइत्श


- रोहित शर्मा अब पूरी तरह ठीक हैं
- ऋषभ को एकादश से बाहर रखना एक मुश्किल फैसला है
- हम गेंदबाजों का भार कुछ बांट सकते हैं



'हमारे दो अभ्यास सत्र खासे कड़े रहे ही और हमारी तैयारियां भी : रेयन दोइत्श

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (देशबन्धु)। भारत के रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए के आखिरी क्रिकेट मैच और सेमीफाइनल में एक दिन अंतर है। भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयन टेन दोइत्श ने सेमीफाइनल के लिए गेंदबाजों को तरोताजा रखने की जरूरत पर जोर दिया है। दोइत्श ने कहा कि सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुका भारत अपनी टीम के संतुलन से समझौता नहीं करेगा कि उनकी टीम ग्रुप चरण का समापन शीर्ष पर रह कर करना चाहता है और ऐसे में मुमकिन है कि कुछ गेंदबाज अपने कोटे के पूरे दस ओवर न फेंके। न्यूजीलैंड भी सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुका है और रविवार उसके और भारत के मैच से ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीम का फैसला होगा। भारत के सहायक कोच दोइत्श ने कहा, 'हमारे दो अभ्यास सत्र खासे कड़े रहे ही और हमारी तैयारियां भी। जहां तक हमारी बेंच स्ट्रेंथ यानी दूसरी पंक्ति की बात है तो हमारी प्राथमिकता यह पक्का करना है कि हमें हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चार मार्च को खेले जाने वाले सेमीफाइनल के लिए उपलब्ध रहें। साथ ही हम उन्हें और दो दिन आराम नहीं देना चाहते हैं। हम अपनी टीम का सही संतुलन चाहते हैं और हम ऐसे में गेंदबाजी का भार गेंदबाजों में आपस में कुछ बांट सकते है। हम बेशक रविवार को अपना आखिरी ग्रुप मैच जीतना चाहते हैं। हमारे लिए अपनी लय बनाए रख कर अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहना भी अहम है। हम इन दो चीजों के बीच संतुलन बनाने की सोच रहे है। हमारे सभी खिलाड़ियों को 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद करीब एक हफ्ते का आराम मिला। आप दोनों ही मैचों का समर्थन कैसे करते हैं। ऐसे यदि सभी तेज गेंदबाज 10 ओवर फेंकने जा रहे हैं, और फिर कहते हैं कि हम पहले मैच में बाद में गेंदबाजी करते हैं, हम 36 घंटे बाद गेंदबाजी कर रहे है।जहां तक हमारे कप्तान रोहित शर्मा के पाकिस्तान के खिलाफ मैच में लगी चोट से चिंता की बात है कि तो वह अब पूरी तरह ठीक हैं। दरअसल जांघ में दिक्कत रोहित की पुरानी दिक्कत है और वह इससे निपटना जानते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार का मैच स्पिनरों का मैच हो सकता है। न्यूजीलैंड के पास भी पर्याप्त स्पिनर है और इसीलिए यह स्पिनरों का मैच हो सकता है। जब हम चैंपियंस ट्रॉफी में दुबई में खेलने उतरे तो हम स्पिनरों पर इतनी ज्यादा निर्भरता की उम्मीद नहीं कर हे थे। पिचों में स्पिनरों के लिए कुछ मदद मिली लेकिन हमारे स्पिनरों ने अच्छी गेंदबाजी की। हम न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को भी अपने स्पिनरों से ऐसी ही बढ़िया गेंदबाजी की उम्मीद का रहे हैं। हमारी टीम में के एल राहुल और ऋषभ पंत के रूप में दो बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। केएल राहुल अपना काम बढ़िया ढंग से कर रहे हैं और ऐसे में ऋषभ पंत को एकादश से बाहर रखना एक मुश्किल फैसला है। क्रिकेट का इस स्तर पर मिजाज यही है। केएल राहुल का प्रदर्शन बढ़िया रहा है। उन्हें बहुत मौके नहीं हमें ऋषभ पंत का हौसला बनाए रखना है। हमें मालूम नहीं कि कब ऋषभ पंत की जरूरत पड़ जाए। बेशक टीम में केएल राहुल और ऋषभ पंत के स्तर के दो उत्कृष्ट विकेटकीपरों का होता वाकई अच्छा है। उन्होंने कहा, 'मैं नहीं मानता कि दुबई की पिच पर रन बनाना मुश्किल है। मेरा मानना है कि हम बहुत कुछ ज्यादा किए 320 रन बनाने के आदी हो गए है।

# रणजी ट्रॉफी फाइनल: नायर के नाबाद शतक से विदर्भ मजबूत स्थिति में



**नागपुर,** 1 मार्च (एजेंसियां)। विदर्भ के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज करुण नायर ने केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और दूसरी पारी में शतक जड़कर अपनी टीम को शनिवार को जामथा के वीसीए स्टेडियम में खिताब जीतने की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। चौथे दिन दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए नायर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए, जब केरल की शुरुआती सफलताओं के बाद टीम 7/2 पर लड़खड़ा रही थी। रात की 37 रन की पहली पारी की बढ़त में इजाफा करते हुए, दानिश मालेवार के साथ एक बार फिर साझेदारी की - इससे पहले मैच में 215 रन की शानदार साझेदारी में उनके सहयोगी रहे - नायर ने 184 गेंदों पर शानदार शतक जड़कर केरल की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस साझेदारी ने दिन के अंतिम सत्र में अपनी बढ़त को 200 से अधिक तक पहुंचा दिया। यह 2013-14 में कर्नाटक के लिए पदार्पण करने के बाद से चार मैचों में रणजी ट्रॉफी फाइनल में नायर का दूसरा शतक था। पहली पारी में, उन्होंने अपने 152वें मैच में 8,000 प्रथम श्रेणी रन पूरे किए और पहली बार, एक रणजी ट्रॉफी सीजन में 800 रन पार किए। यह सीजन का उनका नौवां शतक भी था और तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचने के बाद उनका जश्न भी इसी बात का संकेत था। 33 वर्षीय खिलाड़ी, जिन्होंने पिछले महीने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके वापसी की थी - सात पारियों में 752 रन और पांच शतक बनाए - ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ विदर्भ के अंतिम लीग मैच में शतक लगाया और इसके बाद तमिलनाडु पर क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ अपना 22वां प्रथम श्रेणी शतक बनाया। नायर ने 2013-14 में अपने पहले प्रथम श्रेणी सत्र के दौरान रणजी ट्रॉफी फाइनल में हिस्सा लिया था, जहां कर्नाटक ने महाराष्ट्र के खिलाफ खिताब जीता था।

# गुकेश कॅरियर की सर्वोच्च रैंकिंग 3 पर पहुंचे, प्रज्ञानानन्दा फिडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में लौटे

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश अपनी शानदार प्रगति जारी रखते हुए शनिवार को जारी फिडे क्लासिकल रेटिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग 3 पर पहुंच गए। इस बीच, आर. प्रज्ञानानन्दा ने शीर्ष 10 में फिर से प्रवेश किया है, जो वैश्विक मंच पर भारतीय शतरंज के मजबूत पुनरुत्थान का प्रतीक है। मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के डिंग लिरेन पर अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद से असाधारण फॉर्म में हैं। 18 वर्षीय खिलाड़ी ने 10 अंक हासिल कर 2787 रेटिंग हासिल की, उन्होंने हमवतन अर्जुन एरिगैसी और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को पीछे छोड़ दिया। अब वह विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा (2802) और लंबे समय से शीर्ष पर चल रहे मैग्नस कार्लसन



■ गुकेश दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद से असाधारण फॉर्म में

(2833) से पीछे हैं। गुकेश की यह तेजी तब देखने को मिली जब वह विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स में टाईब्रेक में प्रज्ञानानन्दा से मामूली अंतर से हार गए। एरिगैसी, जो पहले शीर्ष भारतीय स्थान पर थे, 2777 रेटिंग के साथ 5वें स्थान पर खिसक गए हैं। प्राग मास्टर्स में वर्तमान में प्रतिस्पर्धा कर रहे प्रज्ञानानन्दा जुलाई 2023 के बाद पहली बार शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं। टाटा स्टील मास्टर्स में उनकी जीत ने उन्हें 17 अंक हासिल करने में मदद की, जिससे वह 2758 रेटिंग के साथ दुनिया के आठवें स्थान पर पहुंच गए। महिलाओं की रैंकिंग में, कोनेरू हम्पी 2528 रेटिंग के साथ छठे स्थान पर भारत की सर्वोच्च रैंकिंग वाली खिलाड़ी बनी हुई हैं। आर. वैशाली (2484) और हरिका द्रोणावल्ली (2483) क्रमशः 14वें और 16वें स्थान पर हैं। नॉर्वे शतरंज के आगामी संस्करण में गुकेश दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों से भिड़ेंगे। रोमांच को और बढ़ाते हुए, भारत के नंबर 1 अर्जुन एरिगैसी और चीन के नंबर 1 वेई यी नॉर्वे शतरंज में पदार्पण करेंगे।

## सार संक्षेप

### योगी ने यूपी वॉरियर्स को दी जीत की शुभकामनायें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैप्री स्पोर्ट्स की स्वामित्व वाली यूपी वारियर्स को वुमेन्स प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के खिताब के लिये शुभकामनायें दी हैं। यूपी वारियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा और कैप्री स्पोर्ट्स की निदेशक जिनिशा शर्मा ने लखनऊ में अपना अभियान शुरु करने से पहले योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उन्हें यहां होने वाले टीम के मैचों के लिए आमंत्रित किया। योगी ने टीम को अच्छे प्रदर्शन और जीत की शुभकामनायें दी। जिनिशा शर्मा ने कहा कि हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शुभकामनाएं पाकर बहुत खुश हैं। उन्होंने हमारी टीम को लखनऊ में अपने होम लेग के मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है। हमारे लिए अपने मैचों के लिए उनकी मेजबानी करना एक विशेष क्षण होगा और हमें विश्वास है कि टीम उन्हें और उत्तर प्रदेश राज्य को गौरवान्वित करेगी।

### दिल्ली कैपिटल्स ने मुम्बई इंडियंस को नौ विकेट से हराया

**बेंगलुरु।** जेस जॉनासन और मिन्नू मनी (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा (43) और कप्तान मेग लैनिंग (नाबाद 60) की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत दिल?ली कैपिटल?स ने शुक्रवार को वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 13वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 33 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। मुम्बई इंडियंस के 123 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के लिए शेफाली वर्मा और कप्तान मेग लैनिंग ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े। 10वें ओवर में एमेलिया केर ने शेफाली वर्मा को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। शेफाली वर्मा ने 28 गेंदों में चार चौके और

## ध्रुव-तनिषा जर्मन ओपन के सेमीफाइनल में



■ दूसरा गेम कड़ा मुकाबला साबित हुआ, जिसमें चीनी जोड़ी ने जोरदार प्रतिरोध किया

**जर्मनी,** 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो ने शुक्रवार को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के गाओ जिया जुआन और वू मेंग यिंग को सीधे गेम में हराकर जर्मन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेरिस 2024 ओलंपियन तनीषा क्रैस्टो और उनके मिश्रित युगल साथी ध्रुव कपिला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी जोड़ी को केवल 30 मिनट में 21-14, 21-17 से हरा दिया। कपिला और क्रैस्टो ने शानदार शुरुआत करते हुए शुरुआती गेम में 11-2 की बढ़त बना ली। हालाँकि गाओ और वू ने थोड़े समय के लिए वापसी करते हुए अंतर को 13-10 तक कम कर दिया, लेकिन भारतीय जोड़ी ने तेजी से अपना दबदबा कायम करते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कड़ा मुकाबला साबित हुआ, जिसमें चीनी जोड़ी ने जोरदार प्रतिरोध किया। हालाँकि, कपिला और क्रैस्टो ने जीत हासिल करने और सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए अपना हौसला बरकरार रखा।

# जीसीए सचिव रोहन गौंस देसाई सर्वसम्मति से बीसीसीआई के नए संयुक्त सचिव चुने गए

**मुंबई,** 1 मार्च (एजेंसियां)। गोवा क्रिकेट संघ (जीसीए) के सचिव रोहन गौंस देसाई को सर्वसम्मति से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नया संयुक्त सचिव चुना गया है। बीसीसीआई ने शनिवार को मुंबई स्थित अपने मुख्यालय में नए संयुक्त सचिव के चुनाव के लिए विशेष आम बैठक (एसजीएम) बुलाई थी। इसके लिए बीसीसीआई ने 6 फरवरी को राज्य संघों को नोटिस भेजा था। संयुक्त सचिव पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार देसाई को अध्यक्ष रोजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला जैसे अन्य पदाधिकारियों और अन्य राज्य संघ प्रतिनिधियों की मौजूदगी में औपचारिक रूप से इस पद के लिए चुना



■ छत्तीसगढ़ के प्रभतेज सिंह भाटिया को बीसीसीआई का नया कोषाध्यक्ष चुना गया

गया। इस साल की शुरुआत में जय शाह की आईसीसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के बाद असम के देवजीत सैकिया को मुंबई में शासी निकाय का नया सचिव नियुक्त किए जाने के बाद बीसीसीआई का संयुक्त सचिव पद खाली हो गया था। सैकिया के साथ, छत्तीसगढ़ के प्रभतेज सिंह भाटिया को बीसीसीआई का नया कोषाध्यक्ष चुना गया, जब उनके पूर्ववर्ती आशीष शेलार महाराष्ट्र राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में शामिल हुए। गोवा क्रिकेट संघ (जीसीए) के सचिव रोहन गौंस देसाई को बीसीसीआई का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है, जो एक प्रतिष्ठित भूमिका है जो भारतीय क्रिकेट प्रशासन में गोवा की उपस्थिति को बढ़ाती है। जीसीए ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट और इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, उनकी नियुक्ति एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो राष्ट्रीय स्तर पर राज्य के प्रभाव को मजबूत करती है और खेल में इसके बढ़ते कद को दर्शाती है।

## चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर हो सकते हैं मैथ्यू शॉर्ट

**लाहौर,** 1 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने संकेत दिया कि चोटिल सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट शुक्रवार को अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के फाइनल में क्वाड चोटिल होने के बाद चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर हो सकते हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ बारिश के कारण मैच रद्द होने के कारण ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी से सेमीफाइनल में पहुंच गया, जबकि अफगानिस्तान को शीर्ष चार में पहुंचने के लिए इंग्लैंड से कुछ चमत्कार करने की उम्मीद होगी। शॉर्ट को अफगानिस्तान की पारी के अंत में चोट लगी, और ट्रैविस हेड के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करने के बावजूद, वह विकेटों के बीच स्वतंत्र रूप से घूमने में संघर्ष करते रहे, मुख्य रूप से बाउंड्री लगाने पर ध्यान केंद्रित करते रहे। वह 4.3 ओवर में 44 रनों की मूल्यवान ओपनिंग साझेदारी में 15 गेंदों पर 20 रन बनाने में सफल रहे, इससे पहले कि वह मिड-ऑन पर आउट हो गए।

# डुप्लांटिस ने 11वीं बार तोड़ा पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड

**क्लेरमोंट-फेरैंड,** 1 मार्च (एजेंसियां)। फ्रांस में ऑल-स्टार पेर्चे मीट में 6.27 मीटर की रिकॉर्ड-तोड़ छलांग लगाकर एक और ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाले आर्मंड डुप्लांटिस ने शुक्रवार को कहा कि 'मैंने अभी-अभी किया।' स्वीडिश सुपरस्टार, जिसने अब तक अविश्वसनीय 11 बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा है, को ऊंचाई पार करने के लिए केवल एक प्रयास की आवश्यकता थी, जिससे ट्रैक पर जश्न का माहौल बन गया। अपनी उपलब्धि पर विचार करते हुए, डुप्लांटिस ने इसे सरलता से सारांशित किया : मुझे वास्तव में बहुत अच्छा लगा। मैं क्या कह सकता हूं, मैं इसे करने के लिए यहां आया था। मैंने इसे करने के लिए सब कुछ तैयार किया। रन-अप



वास्तव में बहुत अच्छा रहा। मैंने बस कर दिखाया।

ओलंपिक और विश्व चैंपियन डुप्लांटिस को नया बेंचमार्क पार करने के लिए सिर्फ एक प्रयास की जरूरत थी, उन्होंने पिछले अगस्त में सिलेसिया में 6.26 मीटर की ऊंचाई को पार किया। जैसे ही बार ऊपर उठा, खचाखच भरे एरिना में जश्न की लहर दौड़ गई, ट्रैक के किनारे आतिशबाजी ने ऐतिहासिक क्षण को रोशन कर दिया। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले ही प्रयास में 5.65 मीटर, 5.91 मीटर, 6.02 मीटर और 6.07 मीटर की ऊंचाई पर विजय प्राप्त कर ली थी। लेकिन, जैसा कि उनके करियर में आम बात है, वे सिर्फ जीत से संतुष्ट नहीं थे-वे एक बार फिर खेल की सीमाओं को आगे बढ़ाना चाहते थे। रात के घटनाक्रम को और बढ़ाते हुए, डुप्लांटिस का हाल ही में रिलीज हुआ गाना बोप पृष्ठभूमि में बज रहा था, जब उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ छलांग लगाई। उन्होंने कहा कि जब मैंने कुछ महीने पहले यह गाना बनाया था, तो मुझे लगा कि यह यहां कूदने के लिए एकदम सही गाना होगा। इसलिए मैंने इसे जल्दी से जल्दी रिलीज कर दिया। यह प्रतियोगिता अपने आप में इतिहास रचने वाली थी। ग्रीस के इमैनुएल करालिस 6.02 मीटर की ऊंचाई पारकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए दूसरे स्थान पर रहे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के कुर्टिस मार्शल ने 5.91 मीटर की छलांग लगाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। पहली बार, छह एथलीटों ने एक ही प्रतियोगिता में 5.91 मीटर या उससे अधिक की छलांग लगाई। डुप्लांटिस का दबदबा लगातार बना हुआ है। 2020 में रेनॉड लैविल्लेनी के 6.16 मीटर के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने के बाद से, उन्होंने सेंटीमीटर दर सेंटीमीटर इस रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया है, पिछले 11 महीनों में यह चौथी बार है।

■ डुप्लांटिस ने पहले ही प्रयास में 5.65 मीटर, 5.91 मीटर, 6.02 मीटर और 6.07 मीटर की ऊंचाई पर विजय प्राप्त कर ली थी

# नेमार विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील टीम में शामिल

**रियो डी जनेरियो,** 1 मार्च (एजेंसियां)। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने नेमार को कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की प्रारंभिक टीम में शामिल किया है। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने अक्टूबर 2023 में मोंटेवीडियो में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान अपने बाएं घुटने में क्रूसिएट लिगामेंट के टूटने के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। लंबी पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया के बाद नेमार ने पिछली जनवरी में एक क्लब की ओर से खेलते हुये अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की झलक दिखाई है। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने रियल बेटिस के विंगर एंटनी, किशोर रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड एंड्रिक और एटलेटिको मैड्रिड के सैमुअल लिनो को भी शामिल किया है। इनके अलावा अनुभवी मिडफील्डर ऑस्कर और साओ पाउलो टीम के साथी लुकास मौरा को भी शामिल किया गया है। 52 सदस्यीय सूची में रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर और रोड्रिगो, न्यूकैसल के एनफोर्सर ब्रूनो गुइमारेस और बार्सिलोना के विंगर रफिन्हा शामिल हैं। ब्राजील 20 मार्च को ब्रासीलिया में कोलंबिया से और पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना से भिड़ेगा। पांच बार के विश्व चैंपियन वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 12 क्वालीफायर से 18 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जो कि शीर्ष पर चल रहे अर्जेंटीना से सात अंक पीछे है।



ब्राजील 20 मार्च को ब्रासीलिया में कोलंबिया से और पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना से भिड़ेगा

## सार-समाचार

### शिक्षक संघ जिला इकाई के चुनाव आज

**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र शिक्षक संघ रायसेन जिला इकाई के चुनाव 2 मार्च रविवार को जिला मुख्यालय रायसेन में कराए जाएंगे। सभी सदस्यों को चुनाव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। मप्र शिक्षक संघ जिला इकाई का चुनाव स्वामी शिवोम तीर्थ हायर सेकेंडरी स्कूल मुखर्जी नगर रायसेन में आयोजित किया जाएगा। चुनाव में निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र पचौरी भोपाल एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी हरेंद्र सिंह सोलंकी व पर्यवेक्षक विकास सिंह चौहान भोपाल एवं सहायक पर्यवेक्षक डा. आरके यादव भोपाल उपस्थित होंगे जिनकी देखरेख में चुनाव होंगे। चुनाव प्रक्रिया रविवार को प्रात:11:30 बजे से शुरू होगी। संघ के जिला सचिव उम्मेद सिंह ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से चुनाव में शामिल होने का आग्रह किया है।

### भागवत कथा से पहले निकाली भव्य कलश यात्रा



**सिलवानी, देशबन्धु।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन ग्राम मदनपुर में किया जा रहा है भागवत कथा का आयोजन रघुवीर पटेल रमेश पटेल वावू पटेल गजेंद्र पटेल पूर्व कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल आदि परिजनों के द्वारा ग्राम मदनपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ग्राम मदनपुर में करवाया जा रहा है जिसमे रघुवंशी परिवार के द्वारा दिन शनिवार को भव्य कलश यात्रा ग्राम मुआर डुगरिया से होते हुए मदनपुर पहुंची महिलाएं सिर पर कलश धारण किए महिलाएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई थीं। कथा व्यास वेद आचार्य राम कृपालु महाराज ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। महिलाएं पीले वस्त्रों और चुनरी धारण किए हुए महिलाओं ने कलश को सिर पर रखकर प्रभु का स्मरण करते हुए ढोल और डीजे की धुन में भक्ति मय वातावरण में भक्ति संगीत के साथ नृत्य करते कथा स्थल तक पहुची श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का  पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### रेंजर झा ने संभाली कमान



**आष्टा, देशबन्धु।** लगातार तीन साल से राजेश चौहान द्वारा आष्टा रेंज मे पदस्थ थे। उनका स्थानांतरण होने के बाद इछावर रेंज मे पदस्थ रहे। रेंजर नवनीत झा ने आष्टा रेंज का चार्ज ले लिया है। श्री झा ने चार्ज लेते ही जहां अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी से परिचित हुए। वही दिशा निर्देश देते हुए रेंजर नवदीप झा ने खाचरोद रोलागांव सिंगारचौरी सिद्दीगंज आदि वनक्षेत्र का दौरा किया। श्री झा ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता वनो की सुरक्षा एवं वनभूमि की रक्षा करना है। उनहोने अपने अधीनस्थ को भी निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र मे मुस्तैदी के साथ गश्त करे। एवं वन आरोपीयो के खिलाफ सख्ती के साथ कार्यवाही करे। उन्होने अलग अलग टीम गठित की है जो रात्रि समय में नगर के सभी मार्गो पर गश्त करेगे।

### रमजान माह के रोजे प्रारंभ

**आष्टा, देशबन्धु।** मुस्लिम समाज के लिए पवित्र माह रमजान का आज से शुरू होने जा रहा है। जिसकी तैयारी मुस्लिम समाज के लोगो ने करना ष्शुरू कर दिया है। चांद दिखते ही मस्जिदो में तरावीह शुरू हो जाएगी । पिछले दो दिनो से मस्जिदो की साफ सफाई के साथ साथ हर मस्जिदो मे अलग अलग इमाम कुरान ए पाक की तिलावत करते हुए तरावीह सुनाएंगे। जो समाज के सभी लोग इशा की नमाज के फौरन बाद ष्शुरू हो जाएगा। अलग अलग मस्जिदो मे कुरान ए पाक की ष्शुरूआत होगी। कुछ मस्जिदो में पांच दिन दस दिन पंद्रह एवं बीस दिन तक तरावीह पढ़ाकर कुरान ए पाक मुकम्मल होगा। आज रविवार से रोजा ष्शुरू होगा। जो पूरे तीस दिन चलेगे। बालिग से लेकर बड़े बुजुर्ग महिलाएं सब पर रोजा रखना फर्ज है। सुबह सेहरी 5 बजकर 5 मिनट पर  से रोजे की ष्शुरूआत होगी जो ष्शाम को रोजा अफ्तार से रोजा पूरा होगा।

**बम्हौरी के महिलाओं ने खोला मोर्चा, जनसुनवाई में आवेदन देने के बाद भी हल नहीं हुई समस्या**

# ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर एक घंटे तक जाम किया राज मार्ग





**रायसेन, देशबन्धु।** गर्मी की शुरुआत अभी होने को है और जिले में जलसंकट ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। जिला मुख्यालय के नजदीक गाम पंचायत पठारी के ग्राम बम्हौरी के लोगों ने शनिवार को सडक़ पर उतरकर एक घंटे तक राज्य मार्ग जाम कर दिया। लोगों का आरोप है कि बम्हौरी में चार माह से बिजली नहीं है और गर्मी से पहले ही गांव में पानी का घोर संकट गहरा गया है।

ग्राम बम्हौरी की महिलाएं बीते सप्ताह खाली बर्तन लेकर जनसुनवाई में पहुंची थीं। तब अधिकारियों ने उन्हे आरओ बॉटल का पानी पिलाकर समस्या हल करने का आश्वासन देकर चलता कर दिया था। उसके बाद गांव की ओर पलटकर नहीं देखा। इस बीच तापमान बढऩा शुरू हुआ और गांव में जलसंकट गहराने लगा, परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को हंगामा खड़ा कर दिया। जिसमें लगभग 20 बसें, 80 कारें और इससे अधिक अन्य वाहनों में सवार लोग एक घंटे जाम में फंसे रहे। इनमें कई स्कूलों के शिक्षक भी थे, जिन्हे परीक्षा कराने अपने स्कूलों में पहुंचना था। जब हंगामा बढ़ा तो एसडीएम मुकेश सिंह मौके पर पहुंचे और किसी तरह ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया, उन्हे पांच दिन में गांव में बोर कराने और तुरंत डीपी रखवाने का आश्वासन दिया। सुबह लगभग पौने 11 बजे ग्रामीण सड़क़ पर आ गए थे और खाली बर्तन रखकर जाम लगा दिया था, कुछ ही देर में इसकी सूचना जिला मुख्यालय तक पहुंच गई थी। लेकिन लगभग पांच किमी दूर स्थित गांव पहुंचने में अधिकारियों और पुलिस को आधा घंटे से ज्यादा समय लगा। जिससे सड़क  पर फंसने वाले वाहनों की संख्या बढ़ गई।

**राशि जमा करने के बाद भी नहीं रखी डीपी:** ग्रामीणों ने बताया कि गांव की डीपी पांच माह से जली पड़ी है, कलेक्टर के कहने पर ग्रामीणों ने 40 हजार रुपए जमा कर दिए, फिर भी बिजली कंपनी ने गांव में डीपी नहीं रखी। जिससे लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली नहीं होने से गांव में लगे निजी नलकूपों से भी पानी नहीं निकाल पा रहे हैं। हाइवे पर खाली बर्तन लेकर बैठी महिलाओं में खासा आक्रोश था। वो प्रशासन को कोसते हुए वादा खिलाफी के आरोप लगा रही थीं। महिलाओं ने कहा कि हम एक-एक बाल्टी पानी के लिए परेशान हैं और अधिकारी अपने दफ्तरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। पैसे जमा करने के बाद भी डीपी नहीं रखी है। अधिकारी सुनवाई करने को तैयार नहीं हैं।

ग्रामीण रामकिशन, राजू, जमना प्रसाद, राधाबाई ने बताया कि उन्हे हर दिन कभी वेयर हाउस तो कभी पठारी गांव से पानी ढोना पड़ता है। यहां निजी बोर वाले कभी तो आसानी से पानी भरने देते हैं, कभी दुत्कार कर भगा देते हैं। सरपंच से शिकायत करो तो वो भी अनसुनी कर भगा देता है। बम्हौरी में सौ से अधिक परिवार रहते हैं, जो इस समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में दो हैंडपंप लगे हैं, लेकिन दोनो ही बंद पड़े हैं। पीएचइ विभाग को भी इसकी जानकारी है, लेकिन विभाग ने कभी हैंडपंप सुधारने का प्रयास नहीं किया। एसडीएम मुकेश सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने 10 प्रतिशत राशि जमा कर दी है, आज ही गांव में डीपी रखवा दी जाएगी, जिससे बिजली की समस्या हल हो जाएगी, पांच दिन में गांव में नया बोर कराने के पीएचई को निर्देश दिए हैं ताकि गांव में पानी की समस्या हल हो सके।

## खेत की तार फैंसिग में फंसने से घायल हुए तेंदुए की मौत



**सांची, देशबन्धु।** नगर से चार किमी दूर स्थित गुलगांव के एक खेत में लगी कटीले तार की फेंसिग में फंसने से घायल हुए तेंदुए की मौत हो गई। खेत मालिक ने जब अपने खेत की बागड़ मे तेंदुए को फंसा देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने आनन फानन में वनविभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर वनविभाग के अधिकारी पहुंचे एवं उसको पकड़न् भोपाल से टीम भी आई तथा उसे बागड़ से घायल अवस्था में निकाल कर उसका उपचार किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि ने तेंदुए ने खेत की तार फैंसिग से निकलने की कोशिश की परन्तु उसका उसमें पैर फंस गया था तब उसने निकलने की कोशिशें की तो उसका गला भी फंस गया था। इस घटना को लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। तेंदुए के फंसने की खबर से आसपास क्षेत्र में हडकंप मच गया। विभाग ने तेंदुए का पीएम कराया एवं उसका संस्कार कर दिया गया। तेंदुए की जानकारी से क्षेत्र के लोग सतर्क हो गए हैं। वनविभाग के अधिकारी जांच कर रहे हैं।

**नहीं थम रहा सड़क निर्माण में बाधक अतिक्रमण का विवाद**

## सीएमओ ने अड़ंगा लगाने वालों पर कार्रवाई के लिए भेजा पुलिस को पत्र



**सांची,देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 11 में करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन सड़क शुभारंभ के बाद से ही अतिक्रमण के कारण विवादास्पद रही है। हालांकि अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटवा दिया गया था परंतु जैसे ही निर्माण शुरू हुआ फिर विवादों के घेरे में आ गया। इस मामले में सीएमओ द्वारा निर्माण में अड़ंगा डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर पुलिस को पत्र भेजा गया है ।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 11 में काछीकानाखेड़ा से नागौरी तक लगभग सवा किमी लंबे सीसी रोड निर्माण जो लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से किया जाना है। लगभग दो माह पूर्व इसका भूमिपूजन नगर परिषद अध्यक्ष के पप्पू रेवाराम द्वारा किया गया था तब यह रोड पर अतिक्रमण कारियों का कब्जा होने से विवाद में घिर गया। तब मामला अतिरिक्त तहसीलदार के दर तक पहुंच गया। अतिरिक्त तहसीलदार नियति साहू ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवा दिया गया था तथा निर्माण भी शुरू हो चुका था परंतु जैसे जैसे निर्माण आगे बढ़ता वैसे ही फिर यह निर्माण विवादास्पद हो गया। इससे यह विकास की गाड़ी थम गई। अब इस सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए प्रशासनिक स्तर पर सीएमओ नप रामलाल कुशवाहा ने पुलिस को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि वार्ड क्रमांक 11 में काछीकानाखेडा से नागौरी सीसी रोड एवं नाली निर्माण मे गोविंद कुशवाहा द्वारा निर्माणाधीन मार्ग पर पत्थर डालकर निर्माण में अवरोध डाला जा रहा है। इस सम्बंध में पूर्व में भी सम्बंधित व्यक्ति को समझाइश दी जा चुकी है तथा नप कर्मचारियों द्वारा भी समझाया गया परन्तु वह निर्माण में लगातार बाधा उत्पन्न कर रहे हैं एवं निर्माण ठेकेदार से अभद्रता की जा रही है जिससे शासकीय कार्य बाधित हो रहा है ।

### इनका कहना है

सीएमओ साहब से बात करते हैं हमने पहले अतिक्रमण हटवा दिया था अब अगर ऐसी कोई बात है तो हम उसको हल करवा देगे।

**नियति साहू, अतिरिक्त तहसीलदार सांची**

वार्ड नं 11 में सीसी रोड निर्माण में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध  कार्रवाई को लेकर पत्र भेज दिया है।

**रामलाल कुशवाहा, सीएमओ नप सांची**

सीसी रोड निर्माण को लेकर नप से पत्र मिला है। हमने नगर परिषद को कार्य करने का कहा है तथा निर्माण स्थल पर पुलिस भेज देगे एवं बाधा उत्पन्न करने वाले को समझाइश दी जायेगी। नहीं मानने पर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर नियमानुसार काररवाई की जायेगी।

**नितिन अहिरवार, थाना प्रभारी सांची**

## सत्य साईं विश्वविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर 2 दिवसीय समारोह का आयोजन




**सीहोर, देशबन्धु ।** श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के उद्देश्य विद्यार्थियों मे विज्ञान के प्रति जागरूकता और नवाचार की भावना को मजबूत करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. मुकेश तिवारी ने की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शैक्षणिक गतिविधयों, व्याख्यानों, पोस्टर प्रस्तुतियों और रचानात्मक प्रतियगितोओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान आमंत्रित मुख्य वक्ता डॉ. जितेंन्द्र अग्रवाल ( डायरेक्टर इंस्टिट्यूट ऑफ  इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी भोपाल ) एवं डॉ. रतनेश सिंह (कोषाध्यक्ष विज्ञान भारती मध्यभारत) ने विज्ञान और अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होनें  विद्यार्थियों को नवीनतम वैज्ञानिक आाविष्कारों, और आधनुनिक तकनीकों की जानकारी दी। विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. मुकेश तिवारी ने विज्ञान और समाज के आपसी संबंधो पर व्याख्यान दिया। उन्होनें विद्यार्थियों को बताया कि कैसे विज्ञान ने मानव जीवन को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और कैसे वैज्ञानिक सोच से सामाजिक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। डॉ. राजेन्द्र कुशवाह कार्यक्रम का समन्वय किया एवं कार्यक्रम का संचालन अंकित नवगीत जोशी द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया, जिसमे सभी गतिविधियॉ समय पर और सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगितओ जैसे क्विज कॉम्पिटीशन, पोस्टर मेकिंग एवं रंगोली के विजेताओ को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन मे विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ हेमंत शर्मा, विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर एवं सभी विभागों के डीन एवं शिक्षक मौजूद रहे। जिससे कार्यक्रम को एक सफल और अनुभव बनाया जा सका।

## सेवा का संकल्प हो तो हर राह आसान: परमार



**आष्टा, देशबन्धु।** प्रतिभाएं अपना वास्तविक मुकाम पा ही लेती हैं। व्यक्ति अपने ज्ञान और रुचि के अनुकूल प्राथमिकताएं तय करके सफलता हासिल करता हैं। हमे प्रसन्नता हैं कि लेखन और पत्रकारिता से जुड़े रहे। पत्रकारिता एवं इतिहास विषय के स्नातकोत्तर मोहम्मद सादिक कोठरी नगर में शिक्षक वर्ग-1 पद पर चयनित हो नियुक्त हुए हैं। करीबी सम्पर्क में रहने के कारण उनकी सफलता हम सभी के लिए गौरवशाली हैं। मोहम्मद सादिक ने अपनी अध्ययनशीलता और लगन से पात्रता परीक्षा और चयन परीक्षा उत्तीर्ण कर म.प्र. शासन के शिक्षा विभाग में वर्ग-1 शिक्षक के रूप में शासकीय सेवा प्राप्त की हैं। मोहम्मद सादिक पत्रकारिता के क्षैत्र में एक जिज्ञासु एवं सादगीपूर्ण पत्रकार के रूप में पहचाने जाते थे। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके शौधपूर्ण कार्य सदैव याद किए जावेगें। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने यह उद्गार व्यक्त करते हुए अपने कार्यालय में नव चयनित शिक्षक मो. सादिक का साफा और पुष्पमाला से सम्मान कर बधाई दी। उपस्थितजन ने पत्रकार से शिक्षक बने मोहम्मद सादिक की सफलता को प्रेरणास्पद बताते हुए शुभकामनाएं दी। अपने सम्मान से अभिभूत शिक्षक ने कहा कि कैलाश परमार के कार्य और व्यक्तित्व से मुझे हमेशा सकारात्मक ऊर्जा मिलती रही हैं। इस सम्मान से मेरा दायित्व बोध और ज्यादा बढ़ गया हैं।

## सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किए



**आष्टा, देशबन्धु।** म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योधिकी परिषद द्वारा वी.आई.टी भोपाल में विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थानों के वैज्ञानिको ने विद्यार्थियों को संबोधित किया, और बताया कि विज्ञान हमारे लिए क्यों आवश्यक है। प्रश्नोत्तरी एवं मॉडल प्रतियोगिता में पूरे सीहोर जिले से कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। सी.एम. राइज़ स्कूल के विद्यार्थियों ने भी इस प्रश्नोत्तरी एवं मॉडल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावि के प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि प्रतिवर्ष 28 फरवरी को रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। केन्द्र सरकार ने 1986 में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। इसी दिन सर सी.वी. रमन ने रमन प्रभाव की खोज की घोषणा की थी, जिसके लिए उनकों 1930 में भौतिकी के नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को प्रोत्साहित करने और मानवता के कल्याण के लिए वैज्ञानिक क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों, प्रयासो और उपलब्धियों को व्यक्त करने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना हैं। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सी.एम. राइज़ शासकीय उत्कृष्ट उमावि की कक्षा 11वीं गणित की छात्रा भूमिका झाला ने प्रथम, कक्षा 11वीं जीवविज्ञान के छात्र परीन मंकोड़ी ने द्वितीय और कक्षा 9वीं के छात्र प्रिंस बागवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार विज्ञान प्रश्नोत्तरी में सर्वोच्च तीन स्थान सी.एम. राइज़ शासकीय उत्कृष्ट उमावि आष्टा के विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त किए गए। इसके साथ ही सी.एम. राइज़ शासकीय उत्कृष्ट उमावि के विद्यार्थियों संजय पेरवाल, नितिन परमार, दिव्यांश वर्मा और हिमांशु विश्वकर्मा ने विज्ञान मॉडल भी बनाया था, जिसकों द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

## 8 माह में बनना था पंचायत भवन, 8 साल बाद भी अधूरा

**ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव पर लगाए गंभीर आरोप**



**सिलवानी, देशबन्धु।** ग्रामीणों के छोटे छोटे कार्य पंचायत स्तर पर ही पूरे हो सकें और उन्हें बार बार तहसील कार्यालय या जिला मुख्यालय कार्यालय न आना पड़े इसके लिए शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में ही आधुनिक पंचायत भवन बनाया जा रहा है जिसमें सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक पंचायत भवन में बैठकर जन प्रतिनिधि के साथ शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कर सके लेकिन अभी तक जनपद पंचायत सिलवानी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गुंदरई में पंचायत भवन अधूरा पड़ा है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गुदरई में पंचायत भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2016 में शुरु हुआ था जिसे पंचायत को 8 माह में पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूरा करना था लेकिन 8 वर्ष से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी पंचायत भवन पूर्ण नहीं हो सका है

यही नहीं पिछले कई साल से भवन का निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है। पंचायत भवन की लागत राशि 12.85 लाख रूपये थी। जिसकी तकनीकि स्वीकृति 7651/29/11/2016 एवं कार्य पूर्णता की अवधि 8 माह निर्धारित की गई थी लेकिन अभी भी बिना प्लास्टर का भवन क्षतिग्रस्त होने के साथ वर्तमान समय में अधूरे पंचायत भवन की दीवारों में जगह-जगह बड़ी-बड़ी दरारें आ गई है वहीं गाय और भैंसों का तबेला बनकर रह गया है। इतना ही नहीं वर्तमान समय में पंचायत भवन में ग्रामीणों द्वारा गोबर के कंडे रखने का कार्य किया जा रहा है। अधूरे पंचायत भवन होने के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि  चलते सरपंच सचिव और सरपंच उपयंत्री की मिली भगत से पंचायत भवन की राशि का बंदर बांट किया गया है। इतना ही नही समयावधि पूर्ण होने के बाद भी पंचायत भवन अभी तक बनकर तैयार नहीं हो सका है। परिणाम स्वरुप अपने काम को लेकर ग्रामीण रोजगार सहायक सचिव को ढूंढते फिर रहे हैं। पंचायत भवन नहीं बनने के कारण ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव, सरपंच और उपयंत्री पर अधिकारी भी कार्रवाई नहीं करते है। ग्रामीणों ने पंचायत में हुए बड़े पैमाने पर लाखों रुपए राशि की हेरा फेरी के मामले में जांच करा कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा पूर्व में भी पंचायत सचिव को पंचायत भवन का कार्य पूर्ण करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। मीडिया से जानकारी मिली है जो भी निर्माण कार्य पंचायत में हुए हैं सभी निर्माण कार्यों की जांच टीम गठित कर जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

**नीलम रैकवार, सीईओ जनपद पंचायत सिलवानी**

# डिजिटल अरेस्टिंग का शिकार युवक ने की आत्महत्या की कोशिश



**बैतूल/सारनी।** डिजिटल अरेस्टिंग के एक चौंकाने वाले मामले में, राजू सूरे (20 वर्ष) वार्ड क्रमांक-5 मांग मोहल्ला निवासी ने आत्महत्या करने की कोशिश की। यह घटना वार्ड क्रमांक 5, मांग मोहल्ला में घटी, जहां युवक को एक अज्ञात नंबर से लगातार धमकी भरे कॉल मिल रहे थे। जानकारी के अनुसार, राजू को सुबह से ष्टस्क्क के नाम का अज्ञात नंबर से कॉल आ रहा था। कॉल करने वाला व्यक्ति खुद को पुलिस वाला बताते हुए राजू से कह रहा था कि उसके द्वारा मोबाइल पर गूगल क्रोम में अश्लील वीडियो सर्च करने और देखने के कारण उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

कॉल करने वाले ने राजू को यह भी बताया कि पुलिस की टीम उसे पकड़ने के लिए रवाना हो चुकी है। उसने कहा अगर तुम 20 हजार रुपए की व्यवस्था कर दो, तो मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूं। वरना तुम्हें जेल जाने से भगवान भी नहीं बचा सकता।

इस प्रकार के धमकी भरे कॉल बार-बार आने से राजू मानसिक रूप से प्रताड़ित हो गया। उसे अपने घर के अंदर ही रहकर 20 हजार रुपए की व्यवस्था करने का दबाव डाला गया, जिससे वह बुरी तरह से परेशान हो गया।

राजू ने अंततः अपने बाथरूम में जाकर धारदार हथियार से अपनी गर्दन काट ली। यह घटना उसके परिजनों के लिए एक सदमे के रूप में आई। परिवार के सदस्यों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इस घटना ने डिजिटल अरेस्टिंग के खतरों को उजागर किया है। कई लोग इस प्रकार के फर्जी कॉल और मानसिक प्रताड़ना के शिकार हो रहे हैं, जो उन्हें आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठाने पर मजबूर कर रहे हैं। सारनी पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और फर्जी कॉल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। सारनी थाना प्रभारी जयपाल इवनाती ने लोगों से अपील की है कि वे इस प्रकार के कॉल आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें और किसी भी प्रकार के मानसिक दबाव में न आएं।

# समाज का आईना है काव्य संग्रह मदनी की महक: उइके

## शिक्षक भीमराव जीवन काव्य संग्रह का हुआ विमोचन



**बैतूल, देशबन्धु।** सांसद सभागार में शनिवार 1 मार्च को शिक्षक एवं नवगीतकार भीमराव जीवन के पहले काव्य संग्रह मदनी की महक का भव्य विमोचन किया गया। इस विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके रहे, जो स्वयं एक प्रतिष्ठित कवि, गीतकार और चर्चित लेखक हैं। उनकी चर्चित कृति आत्म अवलोकन साहित्य जगत में विशेष पहचान रखती है। ऐसे में उनके करकमलों से मदनी की महक का विमोचन स्वयं एक काव्यिक सृजन जैसा प्रतीत हुआ।

इस काव्य संग्रह में कुल 70 नवगीत शामिल हैं, जो सामाजिक, राजनैतिक और व्यवस्थागत विसंगतियों को उकेरते हुए वंचित, शोषित वर्ग, गरीब, मजदूर और महिलाओं के संघर्षों को स्वर देते हैं। यह गीत संग्रह मात्रिक छंदों में रचित है, जिसमें कुछ गीतों में दो छंदों का संयोजन भी किया गया है। कुछ गीतों में मुक्त मात्रिक छंद तो कुछ में मापनी युक्त मात्रिक छंद का प्रयोग किया गया है। गीतों की भाषा और शैली इतनी प्रभावशाली है कि पाठकों को अपने साथ जोड़े रखने की क्षमता रखती है।

भीमराव जीवन, पेशे से शिक्षक हैं और वर्तमान में पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पाथाखेड़ा में कार्यरत हैं, उन्होंने अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभवों, समाज व प्रकृति की वर्तमान दयनीय स्थिति और ज्वलंत समस्याओं को इस संग्रह में समेटा है। वे राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर नवगीतों का काव्यपाठ कर चुके हैं और सैकड़ों सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। उनके गीतों में गहराई और कथ्य की गंभीरता पाठकों को सोचने पर मजबूर कर देती है।

इस विमोचन समारोह में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके के अलावा जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष नारायण सिंह नगदे, क्षत्रिय पवार समाज के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार पिंजारे, शिक्षक साथी रामराव पंवार, धर्मराज झरबड़े सहित सैकड़ों शिक्षक और साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्यजनों ने भीमराव जीवन के साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए इसे नवगीत साहित्य में एक महत्वपूर्ण कृति बताया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि %मदनी की महक% केवल गीतों का संग्रह नहीं, बल्कि समाज का आईना है, जो व्यवस्थागत विसंगतियों को सामने लाकर बदलाव की चेतना जगाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि नवगीत विधा में इस प्रकार का संग्रह साहित्य जगत के लिए एक नई सौगात है। कार्यक्रम के अंत में गीतकार भीमराव जीवन ने अपनी काव्य यात्रा और इस संग्रह के सृजन से जुड़ी भावनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनके गीत उनके परिवेश से ही निकलकर आए हैं, इसलिए वे पाठकों के हृदय को अवश्य छूएंगे। उन्होंने इस अवसर को अपने लिए अविस्मरणीय बताया और सभी उपस्थित अतिथियों और साथियों का आभार व्यक्त किया।

# महाशिवरात्रि पर 7 मेलों में 1883 श्रद्धालुओं को मिला आयुष चिकित्सा लाभ

**बैतूल, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बैतूल जिले के सात प्रमुख मेला स्थलों पर निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह



शिविर संचालनालय आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन, भोपाल के निर्देश पर जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन और जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के निर्देशन में लगाया गया। इन शिविरों में कुल 1883 श्रद्धालुओं को आयुर्वेद और होम्योपैथी औषधियों का लाभ दिया गया। मेलों में आए लोगों को वैद्य आपके द्वार योजना, आयुष क्योर ऐप, औषधीय पौधों की जानकारी, योग के महत्व और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के बारे में भी बताया गया।

जिले के सात स्थानों पर लगे शिविरों में आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा सेवाएं दी गईं। खेड़ला किला शिव मंदिर में नोडल अधिकारी डॉ. ज्योति कुमरे, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. राजेश जाधव के निर्देशन में 260 लाभार्थियों को औषधियां दी गईं। धनगौरी नागदेव मंदिर मोरखा में डॉ. ज्ञानेश्वर झरबडे और डॉ. ललित चौधरी की देखरेख में 190 लोगों ने लाभ उठाया।

सोना घाटी शिव मंदिर में डॉ. नरेंद्र डडोरे और डॉ. रजनी बड़ोदे द्वारा 324 लाभार्थियों को निःशुल्क औषधियां वितरित की गईं। सालबर्डी शिव मंदिर में डॉ. राहुल झरबडे और सहायक नोडल अधिकारी तरुलता आठनेर की देखरेख में 313 श्रद्धालुओं को औषधियां दी गईं।

बैतूल गुफा मंदिर में डॉ. विशाल वर्मा और डॉ. प्रीति पाटनकर ने 285 लाभार्थियों को चिकित्सा दी। गुप्तवाड़ा भैंसदेही में डॉ. प्रियंका अहिवार और डॉ. प्रमोद बारस्कर ने 182 लोगों को उपचार दिया। केरपानी बारहलिंग शिव मंदिर में डॉ. रैना कासदे और डॉ. कैलाश इवने के निर्देशन में 329 श्रद्धालुओं को दवाइयां दी गईं। इन शिविरों में 75 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें कुल 1370 लोगों को आयुर्वेदिक और 513 को होम्योपैथिक दवाइयों का लाभ मिला। इस दौरान आमवात, संधिवात, वात रोग, रक्ताल्पता, मधुमेह, त्वचा रोग, श्वास, कास, शिरो रोग और उदर रोग जैसी समस्याओं के लिए औषधियां उपलब्ध कराई गईं। आयुष विभाग की इस पहल से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि आगे भी इस तरह के शिविरों का आयोजन कर आमजन को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## तपश्री बाबा आश्रम में हुआ भंडार, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग



**चिचोली, देशबन्धु।** नगर के सोनपुर स्थित संत श्री तप श्री बाबा आश्रम में महाशिवरात्रि के दो दिन बाद विशाल भंडारे का आयोजन होते चले आ रहा है इस भंडारे में पर्यावरण को ध्यान में रखकर पत्तों की बनी पत्तलों में भंडारा परोसा जाता है 50 हजार से अधिक संख्या में समरसता के माहौल में यह भंडारे का आयोजन हुआ भंडारे की प्रसादी के लिए दो दिन पहले से ही प्रसादी बनना शुरू हो जाती है यह आयोजन महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर के बाद निरंतर 43 सालों से समुचित व्यवस्थाओं के बीच संपन्न होते चले आ रहा है शुक्रवार को तप श्री आश्रम में बाबा के अनुयाइयों का जन सैलाब उमड़ पड़ा तप श्री आश्रम से जुड़े प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य कांतू दीक्षित ने बताया तप श्री आश्रम में प्रतिवर्ष मुझे आने का सौभाग्य प्राप्त होता है मैं यहां पर कई वर्षों से निरंतर बढ़ती हुई श्रद्धा देखते आ रहा हूं यहां पर होने वाले सुचारू कथाएं होती है यहां पर राम कथा शिव कथा इसके अतिरिक्त यहां भागवत कथा भी होती है इसके समापन अवसर पर यह भंडारे का जो आयोजन होता है यह अपने आप में अद्वितीय है यह अपने आप स्वचालित और बहुत नियंत्रित और अधिक आत्म प्रेरित होकर श्रद्धा भाव से सेवा देते हैं जो वास्तव में अतुलनीय है, आश्रम से जुड़े समाजसेवी सदन आर्य बताया कि लगभग 50 हजार लोग हर साल आते हैं इस बार उससे भी अधिक की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं यह सब कुछ प्रभु की कृपा और बाबा जी के आशीर्वाद से संभव होता है यह भंडारा अवरत चलते रहता है। भंडारे में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, प्रसिद्ध ज्योतिषचार्य कांतु दीक्षित, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि ,व्यापारी, मौजूद रहे।


## सीटू के संघर्ष की बड़ी जीत, बढ़े हुए न्यूनतम वेतन के भुगतान के आदेश जारी

**बैतूल, देशबन्धु।** सीटू के लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार न्यूनतम वेतन की बढ़ी हुई दरों पर श्रमायुक्त कार्यालय ने आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश में एरियर्स सहित भुगतान के निर्देश दिए गए हैं। सीटू के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन, ऑटो चालक एकता यूनियन सीटू के संरक्षक कामरेड कुन्दन राजपाल ने कहा कि यह जीत प्रदेशभर के लाखों मजदूरों, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और सरकारी-स्थानीय निकायों में कार्यरत कर्मियों के लिए बड़ी राहत है।

सीटू नेताओं ने बताया कि हर पांच साल में होने वाला न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण नौ साल बाद किया गया, लेकिन बीते दस महीनों से इसे कानूनी दांव-पेंच में उलझाकर लटकाया गया था। दिसंबर 2024 में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने स्थगन समाप्त कर दिया था और 21 फरवरी 2025 को अंतिम सुनवाई के बाद फैसला सुनाया, जिसके बाद 28 फरवरी 2025 को श्रमायुक्त कार्यालय ने भुगतान के आदेश जारी किए। आदेश में चार मार्च 2024 की अधिसूचना को फिर से प्रभावी किया गया है, जिससे 68 नियोजित क्षेत्रों में मजदूरों को नए वेतनमान का लाभ मिलेगा। साथ ही, नियोक्ताओं को तत्काल न्यूनतम वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीटू नेताओं ने कहा कि अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक मजदूरों को 16,250 रुपये से 24,340 रुपये तक का नुकसान हुआ है, जिसे कंपनियां हड़पने की कोशिश कर रही हैं। सीटू ने श्रमायुक्त को पत्र लिखकर नवंबर 2019 से अब तक का एरियर्स भुगतान करने की मांग की है। इसके अलावा अक्टूबर 2024 से लागू होने वाले नए वेतन पुनरीक्षण की प्रक्रिया भी तत्काल शुरू करने की मांग उठाई गई है। कामरेड प्रमोद प्रधान, कामरेड रामविलास गोस्वामी, कामरेड डीके दत्ता, कामरेड कुन्दन राजपाल, कामरेड जगदीश डिगरसे, कामरेड कामेश्वर राय, पंकज साहू और मनोहर आठनकर ने कहा कि सीटू के संघर्ष से यह जीत मिली है और जब तक पूरी राशि का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## आंदोलन को समाप्त करने का विरोध, सौपा ज्ञापन



**आमला, देशबन्धु।** बुद्ध गया महाबोधि महा विहार मुक्ति आंदोलन में शामिल बौद्ध भिक्षुओं को आंदोलन स्थल सें आधी रात को उठाकर जेल भेजने एवं आंदोलन को समाप्त करने के विरोध में स्थानीय बौद्ध अनुयायियों एवं अम्बेडकर अनुयायियों के संगठनों के माध्यम से देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, बिहार राज्य के राज्यपाल एवं मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौप कर आक्रोश व्यक्त किया। ज्ञापन सौपते समय भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश सचिव शंकरराव, शेषकर तहसील आमला अध्यक्ष यशंवत झरबड़े, महासचिव राहुल अम्बेडकर, नगर अध्यक्ष संजय सातनकर, बौद्धाचार्य विष्णु झरबड़े दिलीप दवडें, प्रभाकर उबनारे , राजू चौकीकर ,कृष्णा बोरकर ,फूल चंदवर्मा, अरविंद बरड़े ,हरिदास पाटील ,भीमराव निरापुरे, विष्णु झरबड़े, शेषराव चौकीकर, देवेंद्र झरबड़े ,संजय नंदेश्वर, संदीप चौकीकर ,राजेश सिंघड़े, दिलीप चौकीकर ,हेमन्त झरबड़े ,एवं महिला उपासिकाओं में कान्ता हूरमाड़े ,शांता मालवी ,शांता देवी सातनकर ,नालंदा शेषकर, मालती चन्देलकर ,मालती पाटील ,अंजलि झरबड़े ,ज्योति नागले ,शैल कुमारी ,सहित भारी संख्या में उपस्थित थे।

## जिले के संविदा महासंघ ने नवीन मानव संसाधन मैनुअल का किया विरोध

**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा 27 फरवरी 2025 को नवीन मानव संसाधन मैनुअल जारी किया गया है। जिसे लेकर बैतूल जिले सहित प्रदेश भर में कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख विनय डोंगरे ने बताया कि भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में 22 जुलाई 2023 को आयोजित संविदा महापंचायत में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई घोषणाओं को नवीन मानव संसाधन मैनुअल 2025 में अमलीजामा पहनाये जाने की जगह कई तरह की कटोतियां की गयी है। जिसे लेकर अब पूरे प्रदेश में विरोध के स्वर उठ रहे है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ.साहू ने सरकार से मांग की है कि नवीन मानव संसाधन मेनुअल को तत्काल वापस लिया जाए एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा संविदा महापंचायत में की गयी घोषणाओं को पूरा किया जाए, जिससे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ न्याय हो सके। अगर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नवीन नीति को वापस नहीं लिया जाता है तो संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी आंदोलन के लिये बाध्य होंगे, जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाए चरमरा सकती है जिसकी समस्त जिम्मेदारी मध्यप्रदेश सरकार की होगी।

**कर्मचारियों को नियमित पदों पर भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग**- संविदा महासंघ के संयोजक ऋषभ जैन ने बताया कि ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणा अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश में कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को नियमित पदों पर भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण, अप्रेजल समाप्ति, एनपीएस का लाभ, स्वास्थ्य बीमा, रिटायरमेंट के समय ग्रेज्युटी, नियमित कर्मचारियों के समान अवकाश, महंगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता, अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जाना था। किंतु नवीन मानव संसाधन मैनुअल 2025 में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को नियमित पदों पर भर्ती में 50 प्रतिषत आरक्षण को सम्मलित नहीं किया गया है। पूर्व में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को जारी 20 प्रतिशत आरक्षण को भी समाप्त कर दिया गया है। पूर्व में वर्ष 2018 से बंद कर्मचारियों के शोषण का प्रतीक रही अप्रेजल प्रक्रिया को पुनः शामिल कर कर्मचारियों के साथ अन्याय किया गया है। नवीन नीति में एनपीएस, महंगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता, नियमित कर्मचारियों के समान अवकाश, स्वास्थ्य बीमा, रिटायरमेंट के समय ग्रेज्युटी आदि को सम्मलित नहीं किया गया है। कर्मचारियों द्वारा अर्जित अवकाश को 15 से 30 दिवस में परिवर्तित करते हुये कैरी फारर्वड करने की मांग को नजर अंदाज करते हुये राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म. प्र. द्वारा शर्तों के साथ अर्जित अवकाश को विषेश अवकाश में परिवर्तित किया गया है एवं पूर्व में प्राप्त चिकित्सा अवकाश को समाप्त किया गया है। जिसे लेकर कर्मचारी संघों ने नाराजगी जताई है।

# जन अभियान परिषद जन-जन का अभियान बन रही है: उइके

## स्वैच्छिक संगठनों की कार्यशाला भारत भारती में




**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की समृद्धि योजनान्तर्गत स्वैच्छिक संगठनों की एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ भारत भारती संस्थान के सभागृह में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजाति राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्य मन्त्री दर्जा) श्री मोहन नागर ने भारत माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर जी ने केन्द्रीय मंत्री जी का स्वागत किया। इस अवसर पर परिषद के टास्क मैनेजर श्री सैयद शाकिर अली जाफरी सीए एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री सुनील हिराणी उपस्थित थे।

अपने उद्बोधन में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने कहा कि समाज कार्य मे स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से मध्यप्रदेश में एनजीओ बड़ी संख्या में सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन कर सेतु का कार्य कर रहे है। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसका प्रयास कर रहे हैं। आज जन अभियान परिषद अपने कार्यों से जन-जन का अभियान बन गई है।

परिषद के उपाध्यक्ष श्री नागर ने इस अवसर पर कहा कि एनजीओ के माध्यम से समाज की उन्नति के दो मॉडल चल रहे हैं। उसमें एक मॉडल पाश्चात्य मॉडल है जो अनुबन्ध आधारित विकास के आधार पर कार्य करता है। योजना के पूर्ण होने पर वे समाज से नाता तोड़ देते हैं। किन्तु हमारा भारतीय मॉडल सम्बन्धों पर आधारित विकास है, जो योजना पूर्ण होने के बाद भी समाज से सम्पर्क बनाकर रखते हैं व इनके सुख दुःख में सहभागी बनते हैं। मध्यप्रदेश इसी भारतीय मॉडल के आधार पर कार्य करने वाला संगठन है ।

स्वयंसेवी संगठनों की संरचना और प्रबंधन एनजीओ रजिस्ट्रेशन 1973 धारा 27 व 28, 80 जी, 12 ए के अलावा वार्षिक प्रतिवेदन साधारण सभा की बैठक, प्रबंधन कार्यकारिणी बैठक एवं अन्य दस्तावेजीकरण, सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के बारे में चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री सुनील कुमार हिरानी एवं नमन सेवा समिति से श्री शिशिर चौधरी द्वारा स्वैच्छिक संगठनों की संरचना एवं प्रबंधन विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

संभाग समन्वयक नर्मदापुरम श्री कौशलेश तिवारी ने सामाजिक अंकेक्षण एवं उसके प्रभाव आकलन पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला की रूपरेखा जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने प्रस्तुत की व सत्र का संचालन श्री अरविन्द माथनकर ने किया। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण में विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती जयप्रकाशी परते, श्रीमती राधा बरोदे, श्रीमती मधु चौहान, श्री संतोष सिंह राजपूत, श्री विकास कुमरे, लेखापाल श्री रूपेश भूमरकर ,डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री दिनेश पंवार एवं बैतूल जिले के 80 स्वैच्छिक संगठन सहभागिता कर रहे हैं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# मंडी व्यवसायी ने रक्तदान कर बचाई मरीज की जान

**बैतूल।** शहर के मंडी व्यवसायी शक्ति अग्रवाल ने शनिवार 1 मार्च को जिला अस्पताल में एबी पॉजिटिव रक्तदान कर एक जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं, रक्त मित्र विकास मिश्रा ने भी मरीज के लिए अन्य दो यूनिट रक्त की व्यवस्था करवाई और लोगों से रक्तदान करने की अपील की।

रक्त मित्र विकास मिश्रा ने कहा कि सोशल मीडिया की दुनिया में लोग एक-दूसरे की मदद करने से कतराने लगे हैं, लेकिन कुछ संगठन और समाजसेवी अब भी इस दिशा में काम कर रहे हैं और जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब भी किसी को रक्त की जरूरत हो, तो बिना हिचकिचाहट रक्तदान करें। किसी की जिंदगी बचाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं होता। रक्तदान करने वाले व्यक्ति के लिए पौष्टिक आहार और उचित आराम बेहद जरूरी होता है, जिससे शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बन सकें और वह स्वस्थ बना रहे।

जिला अस्पताल में रक्तदान करने पहुंचे शक्ति अग्रवाल ने कहा कि समाज में हर किसी को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार मरीजों को वक्त पर रक्त नहीं मिलने से उनकी जान चली जाती है। अगर सभी लोग समय-समय पर रक्तदान करें तो किसी भी मरीज की जान सिर्फ रक्त की कमी से नहीं जाएगी। विकास मिश्रा और शक्ति अग्रवाल की इस पहल से यह साबित होता है कि इंसानियत अभी भी जिंदा है और जब कोई जरूरतमंद मदद की पुकार लगाता है, तो कोई न कोई फरिश्ता उसकी मदद के लिए जरूर आगे आता है।

## एसडी कॉलेज देवगांव में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

**बैतूल, देशबन्धु।** एसडी कॉलेज देवगांव में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कॉलेज में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता,पोस्टर प्रेजेंटेशन,मॉडल, पेंटिंग, चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही विज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों द्वारा बेबाकी से प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम में विज्ञान व नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को शपथ भी दिलवाई गई।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इस दौरान ग्रुप कोऑर्डिनेटर राकेश रावत ने सारगर्भित वक्तव्य में बताया कि देश में पहली बार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उत्सव 28 फरवरी 1987 को मनाया गया था। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 की थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। जिसका मकसद विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में सभी को जागरूक होना बेहद जरूरी है। आज का दिन विज्ञान व नवाचार को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने वाला है। वहीं प्राचार्य डॉ डीडी अनघोरे द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन सीवी रमन ने रमन इफेक्ट की खोज की घोषणा की थी। इसी रमन इफेक्ट खोज के उपलक्ष्य में हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। आज के दिन हमें साइंस के प्रति अपनी सोच को प्रोत्साहित करने का संकल्प लेना चाहिए। अंत में आभार प्राध्यापक श्री आकाश कापसे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित कॉलेज स्टॉफ उपस्थित रहा।

# डॉ कैलाश वर्मा बने प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ जिला समन्वयक, उज्जैन में हुआ सम्मान

## अखिल विश्व गायत्री परिवार ने दिया सर्वश्रेष्ठ जिला समन्वयक का सम्मान

**बैतूल, देशबन्धु।** उज्जैन में आयोजित अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रांतीय गोष्ठी में



बैतूल के जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा को प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ जिला समन्वयक के रूप में सम्मानित किया गया। गायत्री परिवार के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक कौशल और समर्पित सेवाओं को देखते हुए यह सम्मान दिया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण के संकल्प को लेकर कार्यरत है। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में पूरे देश को जोन, उपजोन, जिला, तहसील और ग्राम स्तर पर प्रज्ञा मंडलों से जोड़ा जा रहा है। बैतूल जिले में यह जिम्मेदारी वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ कैलाश वर्मा संभाल रहे हैं।

प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ कैलाश वर्मा पिछले 25-30 वर्षों से जिले के हर कोने में गायत्री परिवार का संदेश पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। वे प्रत्येक रविवार जिले के किसी न किसी विकासखंड में अपनी टोली के साथ प्रवास कर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हैं। उनके नेतृत्व में बैतूल जिले में प्रदेश के सबसे अधिक गायत्री प्रज्ञा मंडल सक्रिय हैं, जिसकी वजह से जिले को पूरे प्रदेश में विशेष पहचान मिली है।

डॉ कैलाश वर्मा के साथ इस मिशन में उनके परिजन डॉ.शैला मुले, डॉ.सीएच वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, केंद्रीय मंत्री डीडी उइके, दीपचंद मालवीय, रविशंकर पारखे, अजय पवार, अनूप वर्मा, अमोल पानकर जैसे कई वरिष्ठ कार्यकर्ता जुड़े हुए हैं। इन सभी ने मिलकर जिलेभर में गुरुदेव का संदेश पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है।

उज्जैन में मिले इस सम्मान के बाद बैतूल जिलेभर से डॉ कैलाश वर्मा को बधाइयां मिल रही हैं। समाजसेवी संगठनों, राजनीतिक हस्तियों और गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# गायन-नृत्य और माइम में 8 स्वयंसेवकों का राज्यस्तरीय शिविर के लिए चयन

● बैतूल में रासेयो जिला चयन प्रक्रिया संपन्न

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। यह चयन प्रक्रिया राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 2025 के लिए स्वयंसेवकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए हुई।

कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य मीनाक्षी चौबे के संरक्षण और जिला संगठक सुखदेव डोगरें के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। चयन प्रक्रिया में कार्यक्रम अधिकारी गोपाल प्रसाद साहू, मनोज घोडसे, संतोष पंवार, नीतू जायसवाल माहोरे, शंकर सातनकर, सरोज पाटिल, संगीता बामने, गीता माली, जगदीश उईके और मेघा मालवी उपस्थित रहे।

चयन प्रक्रिया में 8 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों के चयन का आधार राष्ट्रीय सेवा योजना का ज्ञान और संपूर्ण जानकारी के साथ-साथ सांस्कृतिक विधाओं में उनकी निपुणता रही। गायन, नृत्य, माइम, मिमिक्री और वाद्य यंत्रों की प्रतिभा का विशेष आकलन किया गया।

इस मौके पर जिला संगठक सुखदेव डोगरें ने शिविर की जानकारी दी, जबकि संतोष पंवार ने चयन प्रक्रिया और जिले के कोटा के बारे में बताया। कार्यक्रम का आभार मेघा मालवी ने व्यक्त किया।




इस कार्यक्रम की सफलता में वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार, दीपाली पांडे, हिमांशु पाटिल, नवीन नागले, सुरभि जैन, अंजली नागोरे, आयुष घिंडोडे, ऋषक पारिसे, अनिल तुमराम, शालिनी पंद्राम, शेख सानिया, कुणाल केकतपुरे, इस्तियाक अली, निकिता सिरसाम, नेहा किरोदे, दीपाली गायकवाड, गंगा बुडगरिया, किरण धुर्वे, निशा किरोदे, आयुष नागोरे, स्मिता, यशस्वी, खुशबू, साक्षी, ज्योति, पलक, जयश्री, कामिनी और कीर्ति सहित 50 स्वयंसेवकों का सक्रिय योगदान रहा।

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बंधन बैंक | 3.14 प्रतिशत |
| एयू स्मॉल फाइनेंस | 1.62 प्रतिशत |
| कोल इंडिया | 1.51 प्रतिशत |
| अलकेम लैब | 0.73 प्रतिशत |
| एपीएल अपोलो | 0.05 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एबीबी इंडिया | 4.60 प्रतिशत |
| अडानी टोटल गैस | 4.07 प्रतिशत |
| अडानी एनर्जी | 1.63 प्रतिशत |
| एबी कैपिटल | 0.85 प्रतिशत |
| आदित्य बिड़ला फाइनें | 0.06 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 8,684 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 87. 21 | 87.00 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 8900-9000 |
| मूंग दाल | 9300-9300 |
| अरहर दाल | 7650-7750 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# सहकारी संघवाद का समर्थन करता है पीएफएमएस : सीतारमण

- 60 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित करता है पीएफएमएस
- पीएफएमएस 650 से अधिक वित्तीय संस्थानों के साथ करता है इंटरफेस



**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पब्लिक फाइनेंशियल मैंनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) सहकारी संघवाद का समर्थन करते हुए प्रत्यक्ष लाभ हस्तातंरण के साथ ही भुगतान का भी काम करता है।

श्रीमती सीतारमण ने यहां 49वें सिविल अकाउंट्स दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएफएमएस के विभिन्न उद्देश्य हैं, जिनमें अंतिम छोर तक पहुंचना भी शामिल है। यह 60 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित करता है, जो कि आईटी-आधारित प्लेटफार्मों के लिए दुनिया में सबसे बड़ा है और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के साथ-साथ भुगतान में भी काम करता है। पीएफएमएस 1200 से अधिक केंद्रीय और राज्य योजनाओं का प्रबंधन करता है, जिनमें से 1,100 डीबीटी योजनाएं हैं। सत्यापित खाते हैं जिनमें पैसा सीधे जाता है। एंड-टू-एंड डिजिटलीकरण का काम होता है। पीएफएमएस 250 से अधिक बाहरी प्रणालियों जैसे जीईएम, जीएसटीएन, कर सूचना नेटवर्क (टीआईएन 2.0), पीएम किसान और कई अन्य को एकीकृत करता है।

उन्होंने कहा कि यह सहकारी संघवाद का समर्थन करता है। पीएफएमएस सभी 31 राज्य कोषागारों और 40 लाख से अधिक कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ एकीकृत होता नेटवर्कों का नेटवर्क है। पीएफएमएस 650 से अधिक वित्तीय संस्थानों के साथ इंटरफेस करता है, जिसमें सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंक, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) शामिल हैं।

> पीएफएमएस सभी 31 राज्य कोषागारों व 40 लाख से अधिक कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ एकीकृत होता नेटवर्कों का नेटवर्क है : **निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**

## 2000 रुपए के नोटों की वापसी 98.18 प्रतिशत पर : आरबीआई

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने शनिवार को कहा कि 28 फरवरी, 2025 को कारोबार बंद होने तक 2000 रुपए के 98.18 प्रतिशत करेंसी नोट प्राप्त हो चुके हैं। साथ ही, यह भी कहा कि ये बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने कहा कि 2000 रुपए के नोटों की कुल कीमत 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपए थी, जब 2000 रुपए के नोटों को वापस लेने की घोषणा की गई थी। यह 28 फरवरी, 2025 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 6,471 करोड़ रुपए रह गई है। इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपए के नोटों में से 98.18 प्रतिशत वापस आ चुके हैं। 2000 रुपए के नोटों को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में 07 अक्टूबर, 2023 तक उपलब्ध थी। 2000 रुपए के नोटों को बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों (आरबीआई निर्गम कार्यालयों) में उपलब्ध है।

# एमडब्ल्यूसी 2025 से इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा : सिंधिया



- ग्लोबल टेक हब में बदल रहा भारत

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत तेजी से एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में बदल रहा है और देश द्वारा बड़े स्तर पर मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) में हिस्सा लेने से इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा।केंद्रीय संचार मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को यह बयान दिया।

एमडब्ल्यूसी 2025, दुनिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी और टेलीकम्युनिकेशन इवेंट है। यह स्पेन के बार्सिलोना में 3-6 मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में सिंधिया भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। सिंधिया ने कहा कि भारत तेजी से एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में बदल रहा है। मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस जैसे आयोजनों में अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ हमारा जुड़ाव इनोवेशन में तेजी लाने और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस एक ऐसा मंच है जो देश के इनोवेशन इकोसिस्टम को दुनिया के सामने उजागर करेगा। इस इवेंट में देश की अग्रणी टेलीकॉम कंपनियां और इनोवेटर्स अपनी अत्याधुनिक प्रगति और टिकाऊ समाधानों का प्रदर्शन करेंगे।

भारतीय पवेलियन में 38 भारतीय टेलीकॉम उपकरण मैन्युफैक्चर्स अपने उत्पादन प्रदर्शित करेंगे। इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों शामिल होंगे।

सिंधिया ने आगे कहा कि मैं वैश्विक विशेषज्ञों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने और मोबाइल और दूरसंचार क्षेत्र में सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। इस यात्रा में केंद्रीय मंत्री 5जी, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), 6जी, क्वांटम और अगली पीढ़ी की मोबाइल टेक्नोलॉजी में अत्याधुनिक विकास को जानने के लिए वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं, नीति निर्माताओं और इनोवेटर्स के साथ भी बातचीत करेंगे।

## 'एचपी पावर लैब-विकसित भारत की परिकल्पना' अभियान आयोजित

**मुंबई,** 1 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक भारत को विकसित बनाने के दूरदर्शी लक्ष्य के अनुरूप, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने अपने 'एचपी पावर लैब-विकसित भारत की परिकल्पना' अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। इस पहल का उद्देश्य भारत के युवाओं में नवाचार, नेतृत्व और अभूतपूर्व परिकल्पना को बढ़ावा देना है, ताकि उन्हें वैश्विक स्तर पर देश के विकास में योगदान देने हेतु सशक्त बनाया जा सके। इस अभियान में 7,000+ संस्थानों के 1,29,288 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिसने हरित ऊर्जा, स्थिरता और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित किया। पांच महीने की कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद, ऑल-इंडिया विजेता, एनआईटी दुर्गापुर को 'पावरपॉड्स सौर समाधान के साथ सुलभ ईंधन विस्तार' परियोजना के लिए सम्मानित किया गया। ग्रैंड फिनाले में एचपीसीएल नेतृत्व की उपस्थिति रही, जिन्होंने युवा नवाचारकर्ताओं की सराहना की, जो भारत के ऊर्जा भविष्य को आकार दे रहे हैं।




## संरचनात्मक सुधार नौकरियां पैदा करने व निवेश के लिए जरूरी : आईएमएफ



> भारत 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए सुधारों को लागू करने का दे रहा अवसर : **आईएमएफ**

**संयुक्त राष्ट्र,** 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत की विवेकपूर्ण नीतियों की सराहना करते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड ने कहा है कि देश का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए महत्वपूर्ण सुधारों को अपनाने में मदद कर सकता है।

आईएमएफ द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने के लिए जरूरी अहम और चुनौतीपूर्ण संरचनात्मक सुधारों को लागू करने में मदद कर सकता है।

आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने कहा कि संरचनात्मक सुधार देश में उच्च-गुणवत्ता की नौकरियां पैदा करने और निवेश के लिए काफी जरूरी हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारत को लेबर मार्केट सुधारों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और महिला भागीदारी को लेबर फोर्स में बढ़ाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आजादी के सौ साल पूरे होने की समय सीमा तय की है।

रिपोर्ट में आईएमएफ के कार्यकारी निदेशकों ने भारतीय अधिकारियों की विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक नीतियों और सुधारों की सराहना की, जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और एक बार फिर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान दिया है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के वित्तीय क्षेत्र का स्वास्थ्य, मजबूत कॉरपोरेट बैलेंसशीट और अच्छा डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर दर्शाता है कि देश की वृद्धि दर मध्यम अवधि में तेज रहेगी। साथ ही जनकल्याण की योजनाएं भी जारी रहेंगी।

**सार संक्षेप**

### महिंद्रा की बिक्री फरवरी में 15 प्रतिशत बढ़ी

**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शनिवार बताया कि कंपनी की कुल ऑटो बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 83,702 यूनिट्स (निर्यात सहित) रही है। कंपनी ने बताया कि बीते महीने कंपनी ने घरेलू बाजार में 50,240 एसयूवी की बिक्री की है। इसमें 19 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, निर्यात सहित कुल बिक्री 52,386 यूनिट्स रही है। घरेलू बाजार में कमर्शियल बिक्री 23,826 यूनिट्स पर रही है। एमएंडएम के ऑटोमोटिव डिविजन के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा कि फरवरी में एसयूवी की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 50,420 यूनिट्स रही है। वहीं, सभी प्रकार के वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 83,702 यूनिट्स रही है। यह मजबूत प्रदर्शन हमारे एसयूवी पोर्टफोलियो के लिए बना सकारात्मक माहौल दिखाता है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के ट्रैक्टर की बिक्री में भी फरवरी में उछाल देखा गया है। फरवरी 2025 में घरेलू स्तर पर ट्रैक्टर की बिक्री 23,880 यूनिट्स रही है।

### यूपीआई लेनदेन में फरवरी में 33 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन फरवरी में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 16.11 अरब पर पहुंच गया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के द्वारा शनिवार को जारी किए गए आंकड़ों में यह जानकारी मिली। बीते महीने यूपीआई लेनदेन की वैल्यू भी 20 प्रतिशत बढ़कर 21.96 लाख करोड़ रुपए हो गई है। फरवरी में प्रतिदिन 57.5 करोड़ यूपीआई लेनदेन हुए हैं और जनवरी में इनकी संख्या 54.8 करोड़ प्रतिदिन थी। इसके कारण यूपीआई से प्रतिदिन होने वाले लेनदेन की वैल्यू बढ़कर 78,446 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि जनवरी में 75,743 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2023-24 में यूपीआई से कुल 131 अरब लेनदेन हुए थे। इनकी लेनदेन की कुल वैल्यू 200 लाख करोड़ रुपए थी। डिजिटल पेमेंट पारिदृश्य में बड़ा बदलाव हुआ है। यूपीआई की हिस्सेदारी डिजिटल पेमेंट में लगातार बढ़ रही है। मौजूदा समय में रिटेल डिजिटल पेमेंट्स में यूपीआई की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

### जीएसटी संग्रह फरवरी में 1.84 लाख करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** भारत का गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन फरवरी में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपए हो गया है। शनिवार को जारी हुए सरकारी डेटा से यह जानकारी मिली। यह लगातार 12वां महीना है, जब जीएसटी कलेक्शन 1.7 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। कलेक्शन में वृद्धि की वजह घरेलू स्तर पर जीएसटी राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़ना है, जो कि फरवरी में 1.42 लाख करोड़ रुपए रहा है। हालांकि, आयात पर लगने वाले से आय 5.4 प्रतिशत बढ़कर 41,702 करोड़ रुपए रही है। फरवरी में सेंट्रल जीएसटी कलेक्शन 35,204 करोड़ रुपए रहा है। स्टेट जीएसटी कलेक्शन 43,704 करोड़ रुपए रहा है।

## भारत की जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान : एसबीआई




- वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में देखी गई 5.6 प्रतिशत की वृद्धि से बेहतर रही
- वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कृषि से जुड़े क्षेत्र का प्रदर्शन रहा बेहतर

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। एसबीआई रिसर्च ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 25 में जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, चौथी तिमाही में विकास दर 7.6 प्रतिशत रह सकती है। यह जानकारी एसबीआई रिसर्च द्वारा शनिवार को दी गई।

एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया कि मई 2025 को जारी होने वाले तिमाही जीडीपी आंकड़ों में हम संशोधन देख सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 की रियल जीडीपी वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत रही है, जो कि बीते 12 वर्षों में (वित्त वर्ष 2021-22 को छोड़कर) सबसे अधिक है।

कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था में आई रिकवरी के कारण वित्त वर्ष 2021-22 में जीडीपी ग्रोथ 9.7 प्रतिशत पर रही थी, जो कि आजादी के बाद रिकॉर्ड की गई सबसे अधिक वृद्धि दर है।

भारत ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 6.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज की है, जो वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में देखी गई 5.6 प्रतिशत की वृद्धि से बेहतर रही है।


चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में तेज वृद्धि देखी गई है और ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) में 6.2 प्रतिशत का उछाल देखा गया है, जो कि वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 5.8 प्रतिशत पर था।

वित्त वर्ष 23 और वित्त वर्ष 24 की रियल जीडीपी वृद्धि दर को क्रमशः 62 आधार अंक और 104 आधार अंक से बढ़ाया गया है।

इसके अलावा वित्त वर्ष 24 के तिमाही जीडीपी आंकड़ों में भी संशोधन किया गया है। वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 142 आधार अंक बढ़ाकर 9.7 प्रतिशत कर दिया गया है। दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 126 आधार अंक बढ़ाकर 9.3 प्रतिशत, तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 94 आधार अंक बढ़ाकर 9.5 प्रतिशत और चौथी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 60 आधार अंक बढ़ाकर 8.4 प्रतिशत कर दिया गया है। हालांकि, नए संशोधन में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 13 आधार अंक कम करके 6.5 प्रतिशत और दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर को 22 आधार अंक बढ़ाकर 5.6 प्रतिशत कर दिया है।

वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कृषि और इससे जुड़े क्षेत्र का प्रदर्शन काफी शानदार रहा और इसमें 5.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसकी वजह खरीफ फसलों की बंपर पैदावर थी। औद्योगिक क्षेत्र में भी उछाल आया और वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसका श्रेय विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत वृद्धि (3.5 प्रतिशत) को जाता है। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं तथा खनन और उत्खनन दोनों में क्रमशः 5.1 प्रतिशत और 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## भारत का कोयला उत्पादन अप्रैल-फरवरी अवधि में 5.73 प्रतिशत बढ़ा



> सरकार कोयला परियोजनाओं की मंजूरी में सुधार करने के लिए लगातार एक्शन ले रही है : **जी. किशन रेड्डी**

**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत का संचयी कोयला उत्पादन अप्रैल से फरवरी की अवधि में 928.95 मिलियन टन रहा है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 878.55 मिलियन टन था, यह सालाना आधार पर 5.73 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। यह जानकारी शनिवार को सरकार द्वारा दी गई।

कोयला मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि समीक्षा अवधि में पावर प्लांट तक पहुंचाया गए कुल कोयले में सालाना आधार पर 5.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 929.41 मिलियन टन पर पहुंच गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 880.92 मिलियन टन था। मंत्रालय ने आगे कहा कि कोयला सेक्टर में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। फरवरी में कैप्टिव और अन्य संस्थाओं से होने वाला कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 30.16 प्रतिशत बढ़कर 173.58 मिलियन टन पर पहुंच गया है। यह एक साल पहले समान अवधि में 133.36 मिलियन टन था। मंत्रालय के अनुसार, यह मजबूत प्रदर्शन ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि देश बढ़ती मांग को कुशलतापूर्वक पूरा करे। सरकार आने वाले महीनों में इस सकारात्मक गति को बनाए रखते हुए बुनियादी ढांचे के विकास और परिचालन दक्षता को बढ़ा रही है। 28 फरवरी को केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि सरकार कोयला परियोजनाओं की मंजूरी में सुधार करने के लिए लगातार एक्शन ले रही है। 12वें दौर के दौरान कुल 30 कोयला ब्लॉक नीलामी के लिए रखे जाएंगे। इसके अतिरिक्त एक ऐतिहासिक पहल के तहत, कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी एनसीएल ने बड़े पैमाने पर गृहणियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है।

# बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव



**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।


**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और **चावल :** 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## राजकोषीय नीति से भारत की विकास दर को मिल रही रफ्तार : मॉर्गन स्टेनली

- सर्विस निर्यात में तेजी आना जॉब मार्केट के लिए सकारात्मक संकेत
- निजी खपत में सालाना आधार पर 6.9 प्रतिशत का इजाफा




**नई दिल्ली,** 1 मार्च (एजेंसियां)। पूंजीगत व्यय और खपत का समर्थन करने वाली सही मौद्रिक नीति और कम होती ब्याज दरों, बढ़ती लिक्विडिटी एवं रेगुलेशन में ढील देने के कारण मौद्रिक नीति में आई नरमी से भारत की विकास दर को रफ्तार मिल रही है। यह जानकारी मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में दी।

वैश्विक वित्तीय फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सर्विस निर्यात में तेजी आना जॉब मार्केट के लिए सकारात्मक संकेत है। इससे विकास दर को बढ़ाने में मदद मिल रही है।

रिपोर्ट में बताया गया कि दिसंबर तिमाही का जीडीपी आंकड़ा हमारे नजरिए को सही सिद्ध करता है और दिखाता है कि ग्रोथ वापस से तेज हो रही है।

जनवरी और फरवरी के हाई फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स मिलाजुला संकेत देते हैं। यह दिखाता है कि धीरे-धीरे रिकवरी हो रही है।

अग्रिम अनुमान के अनुसार, मार्च तिमाही की अनुमानित वृद्धि 7.6 प्रतिशत है, लेकिन हमारा मानना है कि वृद्धि संभवतः 6.7 प्रतिशत से कम रहेगी।

रिपोर्ट में अनुमान जताया गया कि वृद्धि दर वित्त वर्ष 25 में 6.3 प्रतिशत पर रह सकती है। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के लिए, आंतरिक आंकड़े बताते हैं कि सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि मुख्य रूप से निजी खपत और सरकारी खपत (सरकारी खर्च में वृद्धि) दोनों में मजबूती के कारण हुई।

इस दौरान निजी खपत में सालाना आधार पर 6.9 प्रतिशत का इजाफा देखा गया। वहीं, सरकारी खपत में सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो कि पिछली पांच तिमाही की उच्चतम वृद्धि दर है।

रिपोर्ट में बताया गया कि इंडस्ट्री में अक्टूबर से दिसंबर की अवधि में विनिर्माण गतिविधि और बिजली, गैस और खपत में वृद्धि हुई, जबकि निर्माण गतिविधि की गति पिछली तिमाही की तुलना में धीमी रही।

सर्विस सेक्टर में वृद्धि का नेतृत्व व्यापार, होटल, परिवहन और संचार सेवाओं ने किया, जिसे हॉलिडे सीजन से सपोर्ट मिला, जबकि अन्य की स्थिति पिछली तिमाही समान ही थी।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।